इंदौर
सोमवार
23 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 159

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in

योगी ने लिखा- मां की जगह कोई नहीं ले सकता

लखनऊ.एजेंसी। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी दिवंगत मां को याद करते हुए एक पाती लिखी, जिसमें उन्होंने लिखा कि मां हर किसी की जगह ले सकती है, लेकिन एक मां की जगह कोई नहीं ले सकता। उन्होंने यह भी लिखा कि जब वह संन्यासी बनकर पहली बार भिक्षा मांगने मां के पास गए थे तब मां ने कहा था यह क्या हाल बना लिया।

आज ट्रेन से जुड़ेगी सीता-राम की नगरी

नई दिल्ली.एजेंसी। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह आज दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता मिलकर भगवान राम के जन्मस्थान अयोध्या और नेपाल में देवी सीता के जन्मस्थान जनकपुरधाम के बीच चलने वाली नई ट्रेन का उद्घाटन करेंगे।

अमेरिका में फिर 3500 उड़ानें ठप

वॉशिंगटन.एजेंसी। अमेरिका में एक बार फिर तकनीकी खराबी के कारण विमान सेवा ठप हो गई। करीब 3500 उड़ानों में विलंब हुआ, जिसके कारण यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी।

26/11 जैसा हमला और 300 लोगों की हत्या करने की धमकी

हैदराबाद ● एजेंसी

तेलंगाना के हैदराबाद में 26/11 मुंबई हमले जैसी वारदात को दोहराने और 300 लोगों को मौत के घाट उतारने की धमकी से हड़कंप मच गया।

एक धमकी भरे ईमेल में शहर के होटल और रेलवे स्टेशन पर बम धमाके करने की बात कही गई है। ईमेल भेजने वाले ने खुद को लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा बताया है। धमकी भरे ईमेल में काचीगुड़ा के होटल टूरिस्ट प्लाजा और काचीगुड़ा रेलवे स्टेशन को निशाना बनाने की बात कही गई। ईमेल भेजने वाले ने कहा कि वह 26 नवंबर को हैदराबाद में 2008 के मुंबई हमलों जैसी वारदात को दोहराएगा।

ईमेल भेजने वाले ने दावा किया कि वह लश्कर कमांडर लतीफ भट और उसके साथियों के मारे जाने का बदला लेना चाहता है।

तूफानी तेजी के बाद धड़ाम हुआ शेयर बाजार

सोमवार.एजेंसी। अमेरिका, जापान, हांगकांग के शेयरबाजार में आई बड़ी गिरावट का असर आज भारतीय बाजार पर पड़ा। आज सुबह शेयर बाजार 743 अंक उछलकर 84662 तक जा पहुंचा, लेकिन कुछ ही देर बाद शेयर बाजार धड़ाम हो गया और देखते ही देखते सेंसेक्स 658 अंक टूटकर 83210 पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी पहले उछलकर 25992 पर जा पहुंचा और बाद में बुरी तरह टूटकर 25567 पर आ गया।



इंदौर के कृष्णबाग में 62 मकानों पर चली पोकलेन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शहर के स्टार चौराहा के समीप स्थित कृष्णबाग कालोनी में नगर निगम ने 62 मकानों को तोडने की कार्रवाई आज सुबह 7 बजे शुरू की। कालोनी के रहवासी और श्रीराम बिल्डर्स के बीच 23 वर्षों से इसको लेकर विवाद चल रहा था। आज सुबह भारी प्रशासनिक बल और पुलिसबल के साथ कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान रहवासियों ने विरोध भी किया तो कई रहवासी बिलखते नजर आए।

समाचार पेज 05 पर

किन्नरों ने मांगा सवा करोड़ का नेग

मोकामा.एजेंसी। मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह की बेटी शिवांगी के तिलक समारोह के बाद पहुंचे किन्नरों ने दूल्हे के पिता से सवा करोड़ रुपए का नेग मांगा और कहा कि इसके बाद हम पोता होने पर आएंगे।

किम जोंग ने कर डाली ट्रंप की बेइज्जती

सोमवार.एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन को फोन किया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। जब ट्रंप ने चिट्ठी लिखी तो वह भी उन्होंने बिना पढ़े बेरंग लौटा दी।



केन्द्रीय मंत्री ने परिवार के साथ लिया छप्पन दुकान पर जायकों का लुत्फ

बताया उनकी सास भी इंदौर में ही पढ़ी, माँ अहिल्या की नगरी की तारीफ भी की

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





म.प्र. से राज्यसभा सदस्य बनने के बाद पहली बार इंदौर आए केन्द्रीय मंत्री हरदीपसिंह पुरी ने कल परिवार के साथ छप्पन दुकान पहुंचकर वहां नमकीन, मीठा जायका का लुत्फ लिया। छप्पन दुकान के स्वाद जायकों के बीच केन्द्रीय मंत्री पुरी ने युवाओं और छप्पन दुकान के व्यापारियों से चर्चा भी की। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इंदौर से उनका पारिवारिक रिश्ता बहुत पुराना है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि उनकी सास रानी अहिल्याबाई आश्रम स्कूल में पढ़ी थी। इंदौर की जमकर तारीफ केन्द्रीय मंत्री ने की। प्रदेश के बारे में उन्होंने कहा म.प्र. के बीना रिफाइनरी सहित अन्य पेट्रोलियम क्षेत्र में काम हो रहा है।





भाजपा नेता ने लिया सिख संतों से आशीर्वाद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सिख समाज से जुड़े भाजपा नेता ऋषि खनूजा ने कल सिख समाज के नगर कीर्तन में शिरकत की। समाजजनों के स्वागत का इंतजाम भी किया था। सिख समाज के संतों का भी फूल मालाओं व पुष्प से स्वागत किया और आशीर्वाद भी खनूजा ने लिया।



कांग्रेस नेता ने किए दर्शन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

गुरुनानक देवीजी के प्रकाश पर्व के पूर्व कल रविवार को सिख समाजजनों ने नगर कीर्तन में शिरकत की। पालकी साहेब के दर्शन कर मत्था भी कांग्रेस नेता दिलीप राजपाल ने टेका। संतो से आशीर्वाद भी लिया।

भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



सिख समाज ने कल गुरुनानकदेवजी के प्रकाश पर्व के पूर्व नगर कीर्तन यात्रा निकाली थी। निर्धारित समय पर लम्बी दूरी तक यह यात्रा निकली। गांधी हाल पर भाजपाइयों ने मंच लगाकर स्वागत किया। विधायक मधु वर्मा, रजनीश वर्मा, पिंटू जोगी, रोहित रघुवंशी के अलावा एसोसिएशन के राजेन्द्रसिंह वासु, रिंकू कीमती, रुधिर पाहवा, कांचा सेठ, बंटी खुराना, किशोर चौधरी, सुखविंदरसिंह देओल, जसवीरसिंह देओल, देवेंद्रसिंह देओल, दर्शनसिंह देओल, गुरदीपसिंह देओल, हिम्मत चहल, मनप्रीत अभय पाल, तेजस दशसिंह सूदन, राहुल पवार, ओम पवार सहित अन्य मौजूद थे।

खाटूश्याम बाबा के जयकारे कांग्रेस नेता ने लगाए

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कांग्रेस नेता राजेश जोशी अपने साथियों के साथ खाटूश्याम बाबा का जन्मोत्सव मनाने बैंक कालोनी पहुंचे। साथियों सहित कांग्रेस नेता ने बाबा के जयकारे भी लगाए। इस दौरान अन्य श्रद्धालु भी मौजूद रहे, जिनमें मनोज त्रिवेदी, दीपा मिश्रा, राकेश गहलोत, अरुण पंडित, कुंदनसिंह चौहान, महेश रघुवंशी सहित अन्य खाटूश्याम बाबा के भक्त मौजूद थे।





भाजपा नेताओं ने किया व्यासपीठ का पूजन

इन्दौर। भगवान जगन्नाथ की कथा का रसपान भिचोली के श्रीजी वैली में कथा वाचक जनार्दन के मुखारबिंद से किया जा रहा है। व्यासपीठ का पूजन करने भाजपा नेता सुनील पुरोहित, ठाकुरसिंह आंवलिया, चेतन शिवहरे, ऋतु बुर्रा, माधवी लता, लखन गोले आदि शामिल हुए।



प्रदेश कांग्रेस संगठन को लेकर चर्चा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री प्रभारी संजय कामले से कांग्रेस नेता राहुल निहोरे ने मुलाकात की। संगठन की मजबूती और आगामी राजनीतिक चुनौतियों को लेकर चर्चा की। संगठन गतिविधियों पर भी बातचीत हुई। युवाओं को अधिक से अधिक अवसर संगठन और चुनाव में मिले इस पर भी चर्चा हुई। सलीम शेख भी साथ में मौजूद थे।

रणदिवे भी पहुंचे मिलन आयोजन में



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अ.भा. क्षत्रिय महासभा ने दीपावली मिलन का आयोजन किया। बड़ी संख्या में समाजजनों की मौजूदगी में भाजपा प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे भी आयोजन में पहुंचे। इस दौरान पिछड़ा वर्ग से जुड़े जीतू कुशवाह भी मौजूद थे।

दिग्विजय सिंह समर्थकों ने की अयोध्या के सांसद से मुलाकात

यात्रा की तैयारियों को लेकर की चर्चा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की उज्जैन से अयोध्या तक की धार्मिक यात्रा जारी है। उ.प्र. में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी दिग्विजय सिंह की यात्रा को समर्थन दिया है। उ.प्र. में जहां-जहां दिग्विजय सिंह की यात्रा पहुंचेगी उसकी तैयारी में सपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि भी जुटे हैं। दिग्विजय सिंह के समर्थक सुरजीतसिंह चड्ढा, नासिर खान ने अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद से अयोध्या में उनके निवास पर मुलाकात की और यात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा की।





हवा बंगला क्षेत्र में पानी की टंकी और पाइप लाइन कार्य का भूमिपूजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा चार के वार्ड 82 के पार्षद और झोन 14 के अध्यक्ष नितिन शर्मा शानू ने बताया कि हवा बंगला क्षेत्र में 6.31 करोड़ की लागत से 35 लाख लीटर क्षमता वाली नवीन जल टंकी एवं पाइपलाइन कार्य का भूमिपूजन महापौर पुष्यमित्र भार्गव, एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू और नितिन शर्मा शानू के हाथों किया गया। इस परियोजना से क्षेत्र के 4,496 घरेलू कनेक्शनों को बेहतर पेयजल सुविधा मिलेगी। इस सौगात में रहवासी भी मौजूद रहे और क्षेत्रीय पार्षद शानू शर्मा के प्रयास की सराहना भी की गई।



विधायक ट्रॉफी का नाम बदला तो चर्चा चल पड़ी

विधानसभा 1 के क्रिकेट आयोजन में नई टीम की इंट्री

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

विधानसभा 1 के भागीरथपुरा में 12 नवम्बर से क्रिकेट मैच का आयोजन शुरू हुआ था, फाइनल आते-आते इस विधायक ट्रॉफी में नाम परिवर्तन होकर स्वाभिमान ट्रॉफी हो गया। नाम बदलने के पीछे कई कहानी बताई जा रही है। क्षेत्रीय विधायक मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय के चित्र भी





बैनर से हटा दिए गए जो एकदम चर्चा का विषय बन गया।

मंत्री की विधानसभा में देपालपुर विधायक मनोज पटेल की इंट्री और पूर्व पार्षद मनोज मिश्रा की सक्रियता के अलावा आयोजन में गौरव रणदिवे, सुदर्शन गुप्ता, कृष्णमुरारी मोघे, सावन सोनकर और मनोज पटेल की मौजूदगी देखने को मिली। लोग अब यही ढूंढना चाह रहे हैं कि आखिर विधायक ट्रॉफी का नाम क्यों बदला गया। यह आयोजन का नया नामकरण है या इसके पीछे कोई राजनीतिक संदेश भी है। बैनर से दो चेहरे गायब होना और दूसरे नेताओं की सक्रियता सामने आना कई राजनीतिक अटकलों को हवा दे रही हैं। सोशल मीडिया पर यह भी लिखा गया कि अब देखना होगा कि विधानसभा 1 की राजनीतिक पीच पर कौन-कौन सी टीम मैदान उतरती है, किसके नेतृत्व में नई रणनीति बनाई जाएगी। आखिरी दिन मंत्री गुट के अलावा अन्य नेताओं को बुलाकर कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति दर्ज कराई गई ऐसा क्यों किया गया यह सब प्रश्न अब भाजपा के ही सोशल मीडिया ग्रुप पर खंगाले जा रहे हैं।

आधार कार्ड में सुधार आर्थिक शोषण तथा हिटलर शाही का नमूना- कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है चुनाव आयोग अनुसार परंतु सरकार के हर विभाग में बैंक, आयकर, वाहन चालक लायसेंस,, से लेकर स्कूल, अस्पताल,लोन आदि से लेकर रजिस्ट्री तक में अनिवार्य है। आधार कार्ड पहली बार निशुल्क बनता है परंतु अगर सुधार करवाना हो तो शुल्क लगता है 75 रुपये की रसीद कटती है। मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता एड्वोकेट प्रमोद द्विवेदी ने आरोप लगाया है कि मप्र के विभिन्न जिलों में आधार कार्ड में सुधार केंद्र संचालकों की मनमर्जी का केंद्र बन चुका है। जिन सुधारों में गजट नोटिफिकेशन की आवश्यकता नहीं है वहां भी गजट नोटिफिकेशन मांगा जा रहा है। एक गजट नोटिफिकेशन करवाने का शुल्क तथा नाम आदि बताएं जाते हैं, देवास में चिन्हित लोगों का नाम उज्जैन में भी तथा खंडवा,धार आदि जगहों पर भी तो इंदौर में केवल सलाह दी जाती है। द्विवेदी ने सवाल उठाया कि नाम परिवर्तन हो रहा है तो गजट नोटिफिकेशन की आवश्यकता है और इसके लिए अपने नियम है, परंतु ऐसे सुधार जिसमें सरनेम में त्रुटि है सरनेम लिखा ही नहीं गया, पिता, पति का नाम नहीं लिखा गया,,पते में गलती आदि सामान्य सुधार खातिर भी टरकाया जा रहा है तथा गजट नोटिफिकेशन की राय दी जा रही है। मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता एड्वोकेट प्रमोद कुमार द्विवेदी ने सीधे सीधे आरोप लगाया कि भाजपा पहले आधार कार्ड की अनिवार्यता पर, आधार कार्ड की उपयोगिता पर सवाल उठाती रही, आज उसे अनिवार्य करती रही हर शासकीय योजनाओं में व्यक्ति का आधार कार्ड अनिवार्य है, जो योजना कांग्रेस सरकार ने निशुल्क शुरू की भाजपा सरकार उसे शोषण का माध्यम बना रही है। आधार सुधार केंद्र पर आधार कार्ड बनवाने के नियम कायदे कानून तथा आदेश नहीं रखें जा रहें हैं मनमर्जी से आदेश का हवाला दिया जा रहा है। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि आम आदमी को आर्थिक रूप से हानि पहुंचाने एवं अनावश्यक रूप से परेशान करने खिलाफ कांग्रेस मैदान में उतरेंगी। धंधेबाजों की गिरफ्त में जनता को नहीं पिसने दिया जाएगा।

पूर्व सांसद केसरी का निधन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पूर्व सांसद और पूर्व विधायक रहे वयोवृद्ध वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण केसरी का कल निधन हुआ था। शवयात्रा आज सुबह उनके निवास से निकलकर रामबाग मुक्तिधाम पहुंची।



बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता, समाजजन रहवासी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनका सम्मान किया था वे 100 वर्ष के थे। भाजपा नगर पदाधिकारी भूपेन्द्रसिंह केसरी के वे पिता थे।

फूटी कोठी सब्जी मंडी में आज सुबह भी धरना-प्रदर्शन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। फूटी कोठी रिंगरोड से सब्जी मंडी हटाने का जहां विरोध हो रहा है वहीं रहवासियों ने इसका समर्थन भी किया है। कांग्रेस आज इस मुद्दे पर शाम 4 बजे नगर निगम का घेराव कर रही है। वहीं आज सुबह सब्जी मंडी हटाने के विरोध में सब्जी विक्रेताओं ने यहां धरना-प्रदर्शन कर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता प्रहलाद पाण्डे, कांग्रेस नेता विकास जोशी के अलावा वीरु तंवर, शारदा वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



कांग्रेस नेताओं ने किया छह विभूतियों का सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दिवंगत रखबचंद्र बाबेल की 100वीं जन्म जन्मशताब्दी के अवसर पर नंदनवन रिजॉर्ट पर 6 विभूतियां के सम्मान का आयोजन किया गया। बसंतीलाल पांडे, अर्चना जायसवाल, इंदू जैन, अनिल आजाद, इंदिरा चौधरी, कमलेश अग्रवाल का सम्मान पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश मिंडा, मदन परमालिया, राजेन्द्र बावेल, जितेन्द्र बावेल, राजकमल जैन ने किया।



शंकराचार्य से लिया वानखेड़े ने आशीर्वाद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जगतगुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती अभी इन्दौर के संगम नगर में है। उनके दर्शन करने और आशीर्वाद लेने जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे पहुंचे। शंकराचार्य को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया।

कांग्रेसी आज दोपहर के बजाय शाम को पहुंचेंगे निगम का घेराव करने

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

मामला फूटी कोठी सब्जी मंडी से व्यापारियों को बेदखल करने का

शहर कांग्रेस, कांग्रेस पार्षद दल द्वारा फूटी कोठी रिंगरोड सब्जी मंडी के व्यापारियों की रोजी-रोटी और रोजगार पर आए संकट के विरोध में नगर निगम प्रशासन के खिलाफ घेराव की घोषणा सुबह 11 बजे अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने की थी। अब समय को बदलकर कांग्रेस ने निगम घेराव की घोषणा आज शाम 4 बजे की है। निगम नेता प्रतिपक्ष और शहर कांग्रेस अध्यक्ष के अलावा कांग्रेस पार्षद, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। चिंटू चौकसे का कहना है कि हटाए गए इन सब्जी व्यापारियों को दूर भेजा जा रहा है जहां उनका व्यवसाय नहीं चलेगा। चौकसे ने बताया कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने यह घोषणा की थी कि इस सब्जी मंडी को फूटी कोठी चौराहे पर ही बने फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे शिफ्ट कर दिया जाएगा, लेकिन अब घोषणा के विपरित बलपूर्वक सब्जी मंडी से व्यापारियों को हटा दिया गया और जो स्थान अब बताया गया है वह दूरी पर है। इस मुद्दे पर आज शाम 4 बजे कांग्रेस निगम का घेराव कर निगम आयुक्त से चर्चा करेगी और आयुक्त से मांग की जाएगी की इन सब्जी विक्रेताओं को पुल के नीचे ही स्थान देकर इनका पुनर्वास किया जाएं।



दो पूर्व विधायक रहे भाजपा मिलन में मौजूद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा एक एक भाजपा परिवार का दीपावली मिलन समारोह एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह बाबाश्री रिसोर्ट में आयोजित किया गया। दो पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय और सत्यनारायण सत्तन की मौजूदगी रही। संत चेतनदास महाराज, पवनदास महाराज, आशा विजयवर्गीय भी मौजूद थे। इस अवसर पर मानसी कुशवाह, लक्ष्मीनरायाण साहू, गोपाल कसेरा, कमलेश रैकवार, पुरुषोतम, भूपेश का सम्मान किया। संचालन जयदीप जैन ने किया, आभार सतीश बैरागी ने माना।

पहले पानी फिर पैसा, अब नल में सप्लाई शुरू होने पर ही लगेगा जलकर

अमृत-2.0 में पहली बार बदली जलकर वसूली की व्यवस्था, नई लाइन से कनेक्शन लेने वालों को मिलेगी राहत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

अब नगर निगम नल कनेक्शन देने के साथ ही रहवासियों को पानी का बिल नहीं थमाएगा। नई पाइप लाइन से कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं से निगम उसी दिन से जलकर वसूलना शुरू करेगा, जिस दिन उनके नल में पानी पहुंचने लगेगा। यानी पानी की सप्लाई शुरू होने से पहले उपभोक्ताओं को जलकर नहीं चुकाना होगा। अमृत-2.0 योजना के तहत निगम ने पहली बार यह व्यवस्था लागू की है। इससे उन रहवासियों को बड़ी राहत मिलेगी, जिन्हें पहले कनेक्शन लेने के बाद पानी की सप्लाई शुरू होने से पहले ही बिल भरना पड़ता था।

हालांकि, यह सुविधा केवल उन उपभोक्ताओं को मिलेगी, जिन्हें नई पाइप लाइन से पहली बार कनेक्शन दिया जा रहा है। पुरानी पाइप लाइन से कनेक्शन लेने वालों को पहले दिन से ही जलकर देना होगा।

42 टंकियों से 1.45 लाख नए कनेक्शन

अमृत-2.0 के तहत शहर में 42 नई पानी की टंकियां बनाई जाना हैं। इनमें से 26 स्थानों पर निर्माण शुरू हो चुका है। पालदा, शिव सिटी, बांगड़दा, विद्या पैलेस, पंचकुइया के पीछे, संगम नगर, निरंजनपुर, रेवेन्यू नगर, स्कीम-54, सी-21 मॉल के पास और कंचनबाग सहित अन्य क्षेत्रों में टंकियां बनाई जा रही हैं। इनसे जुड़ी नई सप्लाई लाइनें भी बिछाई जा रही हैं। निगम का लक्ष्य इन टंकियों के माध्यम से 1 लाख 45 हजार नए नल कनेक्शन देना है।

50 से ज्यादा क्षेत्रों में बदल रही पुरानी लाइन

शहर में 45 से 50 साल पुरानी नर्मदा की पाइप लाइनों को बदलने का काम भी शुरू किया गया है। घर-घर सर्वे के बाद 50 से अधिक क्षेत्रों को चिह्नित किया गया है। जर्जर और फूटी लाइनों के कारण कई जगह गंदे पानी की शिकायतें मिल रही थीं। निगम का दावा है कि अगले दो महीने में लाइन बदलने का काम पूरा कर लिया जाएगा।

दो लाख कनेक्शन भी होंगे चेंज

शहर में फिलहाल करीब 3 लाख नल कनेक्शन हैं। इनमें से 2 लाख कनेक्शन नई पाइप लाइन के हिसाब से बदले जाएंगे। जलप्रदाय विभाग के प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू के मुताबिक, नई व्यवस्था में पानी की सप्लाई शुरू होने के बाद ही जलकर लिया जाएगा।

42 नई टंकियां: अमृत-2.0 में शहर में निर्माण होना है।

26 टंकियों पर काम शुरू: इनके साथ नई सप्लाई लाइनें भी बिछ रही हैं।

जीरो पर कनेक्शन: नई लाइन से कनेक्शन लेने पर पहले से जलकर नहीं देना होगा।

पानी आएगा, तभी बिल आएगा: सप्लाई शुरू होने की तारीख से जलकर लगेगा।

50 से ज्यादा क्षेत्रों में लाइन बदलेगी: 45-50 साल पुरानी नर्मदा लाइनें होंगी नई।

दो महीने की समयसीमा: निगम का लाइन बदलने का काम पूरा करने का दावा।

2 लाख पुराने कनेक्शन बदलेंगे: मौजूदा 3 लाख कनेक्शनों में से।

1.45 लाख नए कनेक्शन: 42 नई टंकियों के माध्यम से देने की योजना।



मलबे में नजर आई हनुमानजी की तस्वीर तो निगम कर्मी ने अलग की

इंदौर। कृष्णबाग कालोनी में तोड़फोड़ के दौरान जब मलबे में हनुमानजी की तस्वीर नजर आई तो निगम कर्मी ने संवेदनाएं रखते हुए तस्वीर को मलबे से अलग किया। दरअसल यह तस्वीर दीवार पर लगी टाइल्स पर बनी हुई थी जो दीवार टूटने के साथ मलबे पर गिरी तो निगम कर्मियों ने उसे अलग किया।

धरने पर बैठे दो परिवार

कृष्णबाग कालोनी में प्रभावित परिवारों में से दो परिवार धरने पर बैठ गए है। उन्होने राजनेताओं पर भी आरोप लगाए है। रहवासी राजेश बैरागी ने बताया कि 30 साल से यहां रह रहे है। नगर निगम ने सम्पत्तिकर भी भरते थे। उनका कहना है कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होगी तब तक हम यहां से नहीं उठेंगे।

विजयवर्गीय ने कैबिनेट की बैठक के कारण टाल दी पानी की समीक्षा

कल दोपहर में हुआ था संदेश जारी, देर शाम कैंसिल हो गई बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज आयोजित की गई कैबिनेट की बैठक के कारण इंदौर में होने वाली पानी की स्थिति की समीक्षा की बैठक को टाल दिया है।

कल रविवार के दिन दोपहर में अधिकारियों को यह संदेश मिला था कि सोमवार को विजयवर्गीय के द्वारा सिटी बस कंपनी के सभागार में पानी की स्थिति की समीक्षा बैठक ली जाएगी। इस बैठक में सबसे पहले इंदौर शहर की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद में पूरे इंदौर संभाग की समीक्षा की बैठक भी होगी। सुबह से शुरू होने वाली यह बैठक देर शाम तक चलेगी। इस बैठक में भाग लेने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग के भोपाल मुख्यालय के अधिकारी भी इंदौर आने वाले थे। इस बैठक की सूचना मिलते ही अधिकारियों के द्वारा बैठक की तैयारी शुरू कर दी गई। सभी को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन बनाकर तैयार करना था। सभी ने इस प्रेजेंटेशन की तैयारी शुरू कर दी। इसी बीच देर शाम सभी को यह संदेश मिला कि इस बैठक को स्थगित कर दिया गया है।

अधिकारियों को भेजे गए संदेश में तो बैठक को स्थगित किए जाने का कोई स्पेसिफिक कारण नहीं बताया गया। लेकिन विजयवर्गीय के करीबी साथियों का कहना है कि हमेशा मंगलवार के दिन होने वाली कैबिनेट की बैठक को राज्य सरकार के द्वारा आज सोमवार को रख लिया गया है। इस कारण के चलते हुए विजयवर्गीय के द्वारा अपनी बैठक को स्थगित कर दिया गया है। इंदौर में बैठक लेने के बजाय विजयवर्गीय भोपाल जाकर कैबिनेट की बैठक में भाग लेंगे।

दान गुप्त हो, सम्मान सार्वजनिक... कहीं दानवीरता का प्रदर्शन अपराधियों को न्योता तो नहीं?

जैन समाज की परंपरा रही है गुप्त दान और निस्वार्थ सेवा की, लेकिन रील, सोशल मीडिया और मीडिया मार्केटिंग के दौर में लाखों-करोड़ों की बोलियां और दानदाताओं का सार्वजनिक महिमामंडन नई प्रतिस्पर्धा को जन्म दे रहा है। सवाल यह भी कि क्या धन का यह प्रदर्शन सुरक्षा के लिहाज से समझदारी है?

इन्दौर (अक्षय जैन)। जैन धर्म केवल धन कमाने की कला नहीं, बल्कि धन के सदुपयोग और त्याग की जीवनशैली भी सिखाता है। यहां अपरिग्रह, संयम, विनम्रता और गुप्त दान की परंपरा को विशेष महत्व दिया गया है। जैन समाज में दान की भावना हमेशा से रही है, लेकिन उसकी पहचान दान की राशि से नहीं, बल्कि उसके पीछे छिपे निस्वार्थ भाव से होती रही है। किसी जरूरतमंद की सहायता हो, शिक्षा के लिए सहयोग हो, साधु-साध्वियों की सेवा हो अथवा धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के निर्माण में आर्थिक योगदान, समाज ने हमेशा दानदाताओं का सम्मान किया है। लेकिन सम्मान और प्रदर्शन के बीच एक महीन अंतर है, जिसे आज के दौर में समझना जरूरी हो गया है।

आज सोशल मीडिया का युग है। रील, वीडियो, लाइव प्रसारण और मीडिया मार्केटिंग ने धार्मिक आयोजनों की तस्वीर बदल दी है। मंच पर लाखों-करोड़ों की बोलियां लगती हैं, दानदाता के नाम की घोषणाएं होती हैं, तस्वीरें और वीडियो वायरल होते हैं। अगले दिन अखबारों में सुर्खियां बनती हैं और सोशल मीडिया पर दानवीरता के किस्से प्रसारित होते हैं। यहां सवाल दान देने वाले की भावना पर नहीं, बल्कि उस व्यवस्था और प्रचार संस्कृति पर है, जिसमें दान की राशि ही प्रतिष्ठा का पैमाना बनती दिखाई देने लगी है।

दान की भावना बड़ी या उसकी रकम?- हाल ही में इंदौर में जैन संत सुधा सागर जी के आयोजन के दौरान मनीष गोधा जैसे दानदाताओं द्वारा बड़ी बोलियां लेने और आर्थिक समर्पण की चर्चाएं मीडिया और सोशल मीडिया पर सामने आईं। किसी भी व्यक्ति का धार्मिक आस्था से प्रेरित होकर दान देना प्रशंसनीय है। लेकिन जब ऐसी बोलियां सार्वजनिक चर्चा, रिल्स और प्रचार का विषय बनती हैं तो समाज में एक स्वाभाविक सवाल भी उठता है। क्या दान अब पुण्य के साथ प्रतिष्ठा अर्जित करने का माध्यम भी बनता जा रहा है? क्या बड़ी बोली लगाने वाले को अधिक सम्मान और सामान्य राशि देने वाले को कम महत्व मिलने लगा है? क्या इस तरह की प्रचार संस्कृति अनजाने में समाज के भीतर आर्थिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे रही है? जैन परंपरा में दान का मूल्य उसकी राशि से नहीं, बल्कि त्याग की भावना से तय होता है। किसी आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति का अपनी क्षमता के अनुसार दिया गया छोटा-सा सहयोग भी उतना ही सम्माननीय है, जितना किसी उद्योगपति का करोड़ों का दान।

सोशल मीडिया की चमक और सुरक्षा का सवाल- इस विषय का एक गंभीर पहलू सुरक्षा से भी जुड़ा है। देश में लॉरेंस बिश्नोई गैंग सहित विभिन्न आपराधिक गिरोहों की ओर से कारोबारियों और संपन्न लोगों को धमकियां देने तथा रंगदारी मांगने की खबरें समय-समय पर सामने आती रही हैं। ऐसे माहौल में किसी व्यक्ति की आर्थिक हैसियत, बड़े कारोबार, संपत्ति या करोड़ों के दान का लगातार सार्वजनिक प्रदर्शन क्या उचित है? सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली ऐसी जानकारियां अनजाने में असामाजिक तत्वों के लिए किसी व्यक्ति की आर्थिक क्षमता का अनुमान लगाने का माध्यम बन सकती हैं। यह कहना उचित नहीं होगा कि किसी धार्मिक आयोजन में दान की बोली का प्रचार ही अपराधियों की धमकियों का कारण बनता है। लेकिन यह चिंता जरूर विचारणीय है कि जब हम स्वयं किसी की आर्थिक सामर्थ्य को सार्वजनिक मंचों पर बार-बार प्रदर्शित करते हैं, तो उसकी निजी सुरक्षा और गोपनीयता का ध्यान कौन रखेगा? दानदाता की प्रतिष्ठा का सम्मान होना चाहिए, लेकिन उसकी आर्थिक हैसियत का अनावश्यक प्रचार उसकी सुरक्षा के लिए जोखिम बन सकता है। आयोजकों, मीडिया और सोशल मीडिया संचालकों को इस संवेदनशीलता को समझना होगा।

25 करोड़ का प्रस्ताव और संस्थाओं की विरासत- इसी बीच इंदौर में जैन समाज की एक शैक्षणिक संस्था से जुड़े ट्रस्ट में एक दानदाता की ओर से 25 करोड़ रुपये देने के प्रस्ताव को लेकर भी विवाद और चर्चाएं सामने आई हैं। शिक्षा के क्षेत्र में इतना बड़ा सहयोग निश्चित रूप से महत्वपूर्ण हो सकता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या किसी संस्था की मूल पहचान, विरासत, उद्देश्य और निर्णय लेने की स्वतंत्रता से जुड़े विषयों पर भी उतनी ही गंभीरता से विचार किया जा रहा है? दान किसी संस्था को मजबूत बनाने का माध्यम होना चाहिए, उसकी मूल पहचान और संस्थागत स्वायत्तता पर सवाल खड़े करने का कारण नहीं। बड़े दान के साथ पारदर्शिता, शर्तों की स्पष्टता और सामाजिक जवाबदेही भी आवश्यक है।

जैन समाज अपनी परंपरा पर फिर विचार करे- जैन समाज में गुप्त दान की परंपरा केवल पहचान छिपाने की व्यवस्था नहीं, बल्कि अहंकार और प्रसिद्धि की इच्छा से दूर रहने की एक आध्यात्मिक भावना है। दान देकर उसका प्रचार न करना भी एक प्रकार का त्याग है। आज जरूरत इस बात की है कि धार्मिक आयोजनों में दानदाता का सम्मान हो, लेकिन दान की रकम को प्रचार का हथियार न बनाया जाए। रिल्स और सोशल मीडिया पर किसी की आर्थिक क्षमता का प्रदर्शन करने के बजाय उस दान से होने वाले सामाजिक और शैक्षणिक कार्यों को सामने लाया जाए। आयोजक भी ऐसी स्वस्थ परंपरा शुरू कर सकते हैं, जहां दानदाता की सहमति और गोपनीयता का सम्मान हो तथा आयोजन की सफलता को करोड़ों की बोलियों के बजाय समाज को मिले वास्तविक लाभ से आंका जाए। आखिरकार धर्म का उद्देश्य आत्मा को विनम्र बनाना है, अहंकार को बड़ा करना नहीं। दान का उद्देश्य जरूरतमंद की जरूरत पूरी करना है, अपनी आर्थिक शक्ति का प्रदर्शन करना नहीं। एक बात याद रखनी होगी दान गुप्त हो सकता है, लेकिन दानदाता का सम्मान कभी कम नहीं होना चाहिए। सम्मान उसके धन का नहीं, उसकी भावना और समर्पण का होना चाहिए। क्योंकि करोड़ों की बोली कुछ दिनों तक सुर्खियां बटोर सकती है, लेकिन गुप्त रूप से किया गया निस्वार्थ दान पीढ़ियों तक संस्कार बनकर जीवित रहता है





विरोध के बाद कृष्णबाग कॉलोनी में तोड़फोड़ शुरू

प्रशासन, पुलिस व निगम के भारी बल ने संभाला मोर्चा

लोगों ने विरोध कर कार्रवाई रुकवाने की कोशिश की

अधिकारियों ने नहीं सुनी और शुरू कर दी तोड़फोड़

इंदौर नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के भारी बल की मौजूदगी में कृष्ण बाग कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई आज सुबह शुरू हो गई। पहले तो लोगों ने विरोध करते हुए इस कार्रवाई को रुकवाने की कोशिश की। इन विरोध करने वालों की कुछ नहीं चली। सारे विरोध को नकारते हुए टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।


स्टार चौराहे के पास में स्थित कृष्ण बाग कॉलोनी में नगर निगम ने मकान तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी। यहां 62 मकानों को हटाया जा रहा है। प्रशासन और नगर निगम की टीम सुबह 7 बजे बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंची और बेदखली की कार्रवाई शुरू की। इससे पहले पुलिस बल उपलब्ध नहीं होने के कारण दो बार कार्रवाई टालनी पड़ी थी। अब मौके पर कार्रवाई शुरू होने से कॉलोनी में हलचल मची हुई है। ग्राम खजराना स्थित सर्वे नंबर 66/2 (क) की 0.720 हेक्टेयर जमीन पर बने मकानों को हटाया जाना है। इस जमीन को लेकर श्रीराम बिल्डर्स और रहवासियों के बीच वर्ष 2003 से विवाद चल रहा है। मामला तहसीलदार से लेकर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है।

कलेक्टर ने इस मामले में हंगामे की आशंका को देखते हुए भारी प्रशासनिक बल की ड्यूटी लगा दी थी। लंबे समय बाद किसी मामले में इतने अधिकारी मैदान में उतारे गए। इसमें 7 एसडीएम, एक संयुक्त कलेक्टर और दो डिप्टी कलेक्टर के साथ ही 20 तहसीलदार, नायब तहसीलदार की ड्यूटी लगाई गई। जूनी इंदौर के एसडीएम घनश्याम धनगर के अलावा एसडीएम निधि वर्मा, रोशनी पाटीदार, लोकेंद्रसिंह सरल, दीपक चौहान, एचएस विश्वकर्मा और राहुल गुप्ता भी मौके पर थे। इनके साथ संयुक्त कलेक्टर श्रुति अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर अलका सिंह वामनकर और रुचि जाट की भी ड्यूटी लगाई गई। इसके अलावा सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को भी कार्रवाई के दौरान तैनात किया गया। प्रशासन के इतने अधिकारियों के साथ इंदौर नगर निगम की रिमुवल गैंग में करीब 200 कर्मचारी थे। पुलिस विभाग ने भी बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को ड्यूटी पर तैनात किया। आज सुबह 6 बजे ही पूरा अमला मौके पर पहुंच गया था। करीब 7 बजे तक सभी के इकट्ठा हो जाने के बाद कार्रवाई की शुरुआत की जाने लगी। शुरुआत में कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने इस कार्रवाई का विरोध करने की कोशिश की। इस दौरान कुछ लोगों के साथ अधिकारियों की बहस भी हुई। क्षेत्र के नागरिक इस कार्रवाई को डायवर्ट करते हुए पहले दूसरी तरफ के मकान तोड़ने की मांग कर रहे थे। अधिकारियों ने उनकी बात सुनने से इनकार कर दिया। अधिकारियों ने कहा हमें मालूम है कि कहां पर कब कार्रवाई करना है।

इस तरह विवादों से शुरूआत होने के बाद तेज गति से कार्रवाई शुरू हो गई। बड़ी संख्या में अधिकारियों कर्मचारियों और पुलिस कर्मियों के मौजूद होने के कारण विरोध तेज नहीं हो सका। क्षेत्र के लोगों को भी ठंडा होना पड़ा। इसके बाद तेज गति से मकान तोड़े जाने लगे। पूरे क्षेत्र में धूल का गुबार उड़ने लगा। निगम के अधिकारियों का दावा है कि इस कार्रवाई को आज ही पूरा कर दिया जाएगा।








रातभर जागे रहवासी

घर टूटना इतना आसान नहीं है, जितना कागज पर कार्रवाई करना। उल्लेखनीय है कि जो मकान आज टूट रहे हैं उनमें कई सालों से लोग रह रहे हैं। कइयों ने भविष्य के सपने सजाए तो कई मकानों में किलकारिया गूंजी है, ऐसे में जब रहवासियों को एहसास हुआ कि बीती रात उनके उस मकान में अंतिम रात थी तो कोई रोता नजर आया, तो किसी ने जैसे-तैसे अपना सामान समेटा। कुल मिलाकर रात भर क्षेत्र में हलचल होती रही और लोग जागते रहे।

पुलिस छतों से रख रही थी निगाह

कई छतों पर पुलिस दूरबीन से लगातार देख-रेख कर रही थी, कोई उत्पात नहीं हो इस पर भी निगाह रखी जा रही थी।



4 पोकलेन खराब

आज सुबह 12 पोकलेन कृष्णबाग कालोनी के मकान तोड़ने के लिए लगाई गई थी, शुरूआती दौर में ही 4 पोकलेन मशीन खराब हो गई, जिसे सुधारने की बाद में कोशिश की गई, प्रारंभिक दौर में 8 पोकलेन मशीन से काम चलाया गया। इन 8 मशीनों ने ही मलबे के ढेर लगा दिए। अपना आशियाना टूटते देख लोग बिलखते रहे।

दो बार टली थी कार्रवाई

कृष्णबाग कालोनी में पहले भी 16 और 17 नवम्बर को कार्रवाई होना थी, लेकिन पुलिस बल नहीं मिलने से यह कार्रवाई टली थी। इधर इस मामले में 19 रहवासियों को न्यायालय से राहत मिली है उसके बाद 62 मकानों पर कार्रवाई आज की जा रही है।

माहेश्वरी ग्रुप ने लगाया छप्पन भोग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। माहेश्वरी सोशल ग्रुप के दिनेश शीला चितलांग्या ने बताया कि संस्था का मिलन



और अन्नकूट महोत्सव श्रीधरधाम गौशाला वेंकटेश मंदिर गुमाश्ता नगर में आयोजित किया गया। भगवान श्रीनाथजी को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई, वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया।



माहेश्वरी रॉयल ने सजाई झांकी, आरती भी की

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। माहेश्वरी रॉयल्स के दम्पति सदस्यों ने अन्नकूट महोत्सव के अन्तर्गत ठाकुरजी को छप्पन भोग लगाए, झांकी सजाई, श्रृंगार भी किया। कमलेश सीमा गगरानी, सागरमल उषा खटोड़, चेतन ज्योति नागोरी, मधु किरण सोमानी, अखिल पुष्पा शारदा, स्वाति ओम टावरी, सुरेश मधु जाजू सहित अन्य मौजूद थे।



बच्चों को मिला आर्ट एक्टिविटी का अनुभव

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। क्रिएटिव वर्कशॉप कम्युनिटी द क्राफ्ट सोशल ने बच्चों को रंगों, मिट्टी और प्रकृति से जोड़ने का प्रयास किया। संस्कार पाठशाला में 50 बच्चों ने शिरकत की। अपने हाथों से रंगे गमलों में पौधे लगाए। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को केवल आर्ट एक्टिविटी का अनुभव देना नहीं, बल्कि उनमें प्रकृति के प्रति प्रेम, पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी और हरियाली बढ़ाने की भावना विकसित करना था। वर्कशॉप की शुरुआत पौधों की अहमियत पर एक सरल बातचीत से हुई। मोनिका माहेश्वरी,आयुषी सक्सेना, ऋतिका गोरानी का आयोजन में योगदान रहा।

45 साल बाद एकत्र हुए 'सखा'



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पंडित जवाहरलाल नेहरू पॉलिटेक्निक, सनावद के पूर्व छात्रों के समूह 'सेणुद सखा' के पुनर्मिलन समारोह में सामने आया। इंजीनियरिंग, प्रशासन, उद्योग और विदेशी सेवाओं में चार दशक तक उच्च पदों पर सेवाएं देने के बाद इंदौर में आ बसे इन वरिष्ठ साथियों का आत्मीय समागम न्यू पलासिया स्थित एक रेस्तरां में हुआ। महेंद्र मांडलिक, राधाकृष्ण भटोरे, राजकुमार जैन, शैलेंद्र जैन, सुनील खर्चे, अनिल व्यास, राजेंद्र आर्य, प्रदीप द्विवेदी, प्रफुल्ल स्वस्तिक, अतुल जैन, सुभाष वर्मा, अब्दुल सलीम अंसारी, मात्रे, राजेंद्र गुप्ता, गिरधारी लाल गुप्ता, दिलीप देवड़ा, वीरेंद्र सिंह तोमर, विपिन जैन, शैलेंद्र जैन 'घायल', विष्णु पाटीदार, सुधांशु उमडेकर, मंगलेश जैन, दिलीप शुक्ला, लोकेंद्र गुप्ता मौजूद थे। सभी ने नियमित मिलने का संकल्प लिया।



जैन फोरम ने किया आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ जैन फोरम के तत्वावधान में केसरबाग रोड गार्डन पर दिवाली मिलन का आयोजन किया गया। कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इन्द्रकुमार सेठी, कांतिलाल बम्ब, अशोक मेहता, मुक्ता जैन, वीणा सेठी, सपना जैन, नेहा जैन, अदिति मेहता, राजेश जैन, प्रकाश भटेवरा, नीलेश रांका, कैलाश लुहाड़िया, मयंक जैन, राजीव भाणावत, निर्मल कासलीवाल, अनामिका बाकलीवाल, रेखा पतंग्या, कल्पना पटवा, शांता भामावत, सरिता जैन, प्रमोद डफरिया, कैलाश वेद सहित अन्य मौजूद थे।

अहीर सुवर्णकार समाज के चुनाव में प्रचार-प्रसार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अहीर सुवर्णकार समाज इंदौर के कार्यकारणी चुनाव लगभग 16 वर्षों बाद बेलेट पेपर पर होने जा रहे हैं। दोनों पैनल के प्रत्याशी जमकर ताकत लगा रहे हैं। घर-घर पहुंचकर समाजजनों से सीधा संवाद भी हो रहा है और किए गए कार्यों की उपलब्धि भी बताई जा रही है, आगे समाज में क्या विकास करना है उसके वादे भी किए जा रहे हैं। सत्यमेव जयते पैनल के सभी 20 प्रत्याशी एकजुट होकर प्रचार-प्रसार में लगे हैं। यह भी वादा किया जा रहा है कि समाज की बड़ी जगह लेकर गार्डन बनाया जाएगा। दूसरी पैनल के प्रत्याशी भी प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

राजपूत समाजजन रहे मौजूद



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मूसाखेड़ी स्थित स्कूल के पीछे हुए दीपावली मिलन अन्नकूट आयोजन में भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के अलावा राजपूत समाजजन भी पहुंचे थे। आयोजक देवेन्द्रसिंह राजपूत ने बताया कि आयोजन में वीजेन्द्रसिंह चौहान, मोहन सेंगर, मालासिंह ठाकुर, रतन चौहान, कमल जादोन, मुकेश चौहान, गौरव ठाकुर, अजय तंवर, नरेन्द्र कुशवाह, योगेन्द्र शेखावत मौजूद थे।

स्वर्णकार मेवाड़ा समाजजनों का सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार मेवाड़ा समाज ने दीपावली मिलन, अन्नकूट महोत्सव का आयोजन गार्डन में किया, जहां वृद्ध समाजजनों का सम्मान भी किया गया। बड़ी संख्या में मातृशक्तियां और युवा भी मौजूद रहे।

सिंधी भाषा कक्षाएं आयोजित

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सिंधी भाषा के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद द्वारा सिंधी समाज के लोगों को सिंधी भाषा सिखाने के लिए 100 घंटे का विशेष प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित किया गया। 200 से ज्यादा समाजजनों ने डिप्लोमा कोर्स किया। आयोजन से डॉ. मनीष देवनानी, नमोश तलरेजा, खुशी बुधानी, निर्मला राजानी, सुनीता आहूजा जुड़े रहे। 60 विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र पंचायत के सरपंच राजा मांधवानी और सिंधु सभा के महामंत्री नरेश फुंदवानी ने दिए।



अखंड रामायण पाठ और महाप्रसादी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। यूपी श्रीवास सेन समाज ने नारायण सेन के निवास पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया, प्रसादी भी की गई। सुभाष वर्मा, सतीश सेन, जगदीश सेन, मुकेश केलवा, संजय केलवा, प्रेम परमार, सुरेन्द्र श्रीवास, हरीश श्रीवास, संतोष सेन, सुनीता सेन, तरुणलता खटोड़, कल्पना बेताब, वंदना भाटी, राधेश्याम सेन, विजय सेन सहित अन्य मौजूद थे।





संकट मोचक हनुमानजी को लगाए छप्पन भोग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संकट मोचन हनुमान मंदिर चाणक्यपुरी में बाबा को छप्पन भोग लगाए, महाआरती की गई, सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। रामकुमारदास नागा बाबा, ईश्वर भारद्वाज, राधारमण शास्त्री, महेन्द्रसिंह ठाकुर सहित अन्य का योगदान रहा।



खाटूश्याम बाबा के लगे जयकारे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। खाटूश्याम मंदिर हवा बंगला पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। बाबा को छप्पन भोग लगाकर महाआरती भी की गई। भजन संध्या का आयोजन भी हुआ। पंडित मोहन हटकर ने उक्त जानकारी दी।

कसेरा बाजार स्कूल के विद्यार्थियों ने दी मंच पर भारतीय परिधान में प्रस्तुति





100 से अधिक विद्यार्थियों ने रैम्प पर किया वॉक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लगातार विद्यार्जन के अलावा भी अन्य विधाओं में भी विद्यार्थी महारत रखे इसके लिए श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल में अन्य आयोजन भी किए जाते हैं। इसी कड़ी में कक्षा 5वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए बड़े मंच पर भारतीय परिधान के अन्तर्गत फैशन शो का आयोजन किया। 100 से अधिक विद्यार्थियों ने इस फैशन शो में रैम्प वॉक किया। निर्धारित नियमों के अन्तर्गत इन विद्यार्थियों को प्रस्तुतियां देना थी। प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर ने बताया कि विजेताओं को मंच से पुरस्कृत किया जाएगा।



पितलिया को मिला जैन दिवाकर गुरु मोहन राष्ट्रीय अवॉर्ड

जैन दिवाकरजी की जन्म जयंती पर धर्मसभा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नरसिंह वाटिका, बिजासन रोड पर महासती डॉ. श्री कुमुदलता म.सा. के सान्निध्य में जैन दिवाकर श्री चौथमल म.सा. की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में श्री जैन दिवाकर गुरु मोहन 20वां राष्ट्रीय अवॉर्ड समारोह एवं जन्म-स्मृति गुणानुवाद सभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर साध्वी मंडल ने जैन दिवाकरजी के जीवन, आदर्शों एवं गुणों का भावपूर्ण गुणगान किया और श्रद्धासुमन अर्पित किए। साध्वी महाप्रज्ञा म.सा. की भजन प्रस्तुतियों ने पूरे पंडाल को जैन दिवाकरमय बना दिया। बाबूलाल पितलिया को 20वां राष्ट्रीय अवॉर्ड श्री जैन दिवाकर गुरु मोहन राष्ट्रीय अवॉर्ड प्रदान किया गया। जैन दिवाकर युवा रत्न सम्मान अभिषेक माहर को प्रदान किया गया। अरुण मेहता, रमेश भंडारी, सुनील चौरडिया सहित अन्य भी मौजूद थे।



कैथोलिक समाज ने खीस्त राजा त्यौहार मनाया

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कैथोलिक समाज ने सभी चर्चों में सुबह पवित्र मिस्सा के साथ ख्रीस्त राजा का पर्व मनाया मनाया। पलासिया स्थित माता मरिया ग्रोटो पर शाम 4:00 बजे पवित्र रोजरी माला विनती के जाप के साथ शुरू हुई। जिसमें इंदौर धर्मप्रांत की विभिन्न पल्लियों से सैंकड़ों कैथोलिक विश्वासियों ने भाग लिया। पवित्र रोजरी माला विनती के बाद पवित्र यूखरिस्त की आराधना हुई। इंदौर धर्मप्रांत के बिशप, (डॉ) बिशप थॉमस मैथ्यू की अगुवाई तथा फादर राजू डोडियार एसवीडी एवं अन्य पुरोहितों की सहभागिता में पवित्र मिस्सा अर्पित की गई। उक्त जानकारी बी.ए.अलवारिस ने दी।

धनगर समाज सम्मेलन में तीन बहनों का सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



श्री क्षत्रिय धनगर समाज परिणय जन कल्याण समिति के परिणय सूत्र मंडल द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन माई मंगेशकर सभागृह में किया गया। इसमें तीन बहनों रसिका अभिषेक गावडे, डॉ. रेणु ओजस वाघमारे एवं डॉ. प्रविशी सुरेश पिंगले का अहिल्या रत्न से सम्मान किया गया।परिचय पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। सम्मेलन में कई रिश्तों पर चर्चा शुरू हुई है। तारकसिंह गुंड, सुनील लाहुरे, प्रदीप गावडे, नरेंद्र फणसे, मिहिर फणसे, योगेश लांभाते, वसंत भिटे एवं प्रेमकांत होलकर, उषा नाचण, सुजाता लांभाते, उषा बुचड़े, रागिनी खरात, कविता सावळकर, लता वालेकर, सीमा पिंगले, कांता होलकर, अनिता लांभाते, शारदा लाहुरे, अनिता मतकर, रविंद्र घुणे, हरीश भागवत, यूगेन लालगे, पुरुषोत्तम पिसे, पंढरी पिसे, गणेश मतकर आयोजन से जुड़े रहे।



सामूहिक विवाह की जानकारी गुरव समाजजनों को घर-घर दी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गुरव समाज पंचायत पश्चिम क्षेत्र द्वारा आगामी बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित होने जा रहे सामूहिक विवाह सम्मेलन के पत्रक समाज के परिवारों तक पहुंचाने का अभियान तेज कर दिया गया है। रविवार अवकाश का लाभ उठाते हुए समाज के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने प्रातःकाल से ही जनसंपर्क कर 200 परिवारों को सम्मेलन की जानकारी दी एवं पत्रक वितरित किए।

वाल्मीकि समाजजनों ने की ट्रस्ट निर्माण को लेकर बैठक



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

वाल्मीकि समाजजनों ने महर्षि वाल्मीकि धर्मशाला गाड़ी अड्डा पर बैठक आयोजित की। वाल्मीकि समाज इंदौर ट्रस्ट बनाकर समाज को लाभान्वित करने को लेकर चर्चा की गई। ट्रस्ट के माध्यम से समाज में धार्मिक, खेल, शैक्षणिक,आर्थिक, गतिविधियों के संचालन में सहायता मिलेगी, इस मुद्दे पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से ट्रस्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि सेवा संस्थान ट्रस्ट रखा गया। बैठक में प्रताप करोसिया, मुकेश लोट, शंकरलाल गोसर, राजेश करोसिया राजा, भगवानदास करोसिया, मनोज सिरसिया, नागेश गोहर, विनोद कल्याणे, अरुण करोसिया, विनय खरे, राजा गोहर, टीनू चौहान,चौधरी रवि करोसिया, कैलाश गोसर, अरुण भैरवे, रवि चंदेले, बलराम सिरसिया, पंकज धोलपुरे, रोहित करोसिया, अशोक आदिवाल, सुनील गरूड़, अनिल करोसिया, लेखराज करोसिया, विजय पथरोड, किशोर वेद, शिव नरवाले, सुनील गौहर,कमल करोसिया, अमित खोडे, जितेन्दर करोसिया, गजेन्द्र करोसिया, सत्यम सिहोते, महेश सिहोर, मदन पथरोड मौजूद थे।



नेत्र शिविर में 185 मरीजों ने कराई जांच

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन, चोईथराम नेत्रालय अरोग्य भारती संस्था के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल गोविंद कॉलोनी पर नेत्र शिविर में 185 मरीजों ने लाभ लिया, 26 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन चोईथराम हॉस्पिटल में होंगे जरूरतमंद को 75 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए।



चिकित्सा शिविर में मौजूद रहे राजपूत समाजजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राजपूत समाज द्वारा सेवा गतिविधियों के अंतर्गत भंवरकुआं स्थित व्योम रोहित आई अस्पताल में निःशुल्क नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बडी संख्या में सेवा और जांच में राजपूत समाजजन मौजूद रहे। जांच के बाद परामर्श भी दिया गया। राजेशसिंह तोमर, वीरेंद्रसिंह तोमर, पंकजसिंह चौहान, सुनील सिंह राठौर, किशोर सिंह पवार, रतन सिंह राजपूत, मंजीत कीर्ति राज सिंह, नम्रता सिंह, अनुराग प्रताप सिंह राघव, सुनील सिंह, गीतांजलि का योगदान रहा। डॉ. रक्षित अग्रवाल. डॉ. कुलदीप सिंह राणा ने सहयोग किया।

झलकारीदेवी जयंती पर पुष्पांजलि

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



वीरांगना झलकारी देवी की जयंती पर अ.भा. वीरांगना झलकारी महासंघ एवं कोरी/कोली समाज महापंचायत के संयुक्त तत्वावधान में झलकारी बाई चौराहा, दशहरा मैदान पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। पदाधिकारी और समाजजनों ने अपनी मौजूदगी दिखाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश महावर कौली ने उदबोधन दिया। दिनेश वर्मा दानिश, मोतीलाल खंडेलवाल, मनोज सुखाड़िया, सुनील अस्टोलिया, रामप्रसाद अस्टोलिया, मोतीलाल ठेकेदार, तिलोक महावर, जया टाटवाल, जसोदा सुखाड़िया, आदित्य मेहर सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे।

इंदौर के प्लेटफार्म 5 और 6 के बीच मिलेगी यात्रियों को सुविधा

रेलवे इंदौर और रतलाम स्टेशन पर लगाएगा नए एक्सीलेटर



इंदौर। पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल द्वारा आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 से पहले इंदौर, देवास, उज्जैन और रतलाम सहित आसपास के कई प्रमुख स्टेशनों पर अगले साल 2027 में यात्रियों की सुविधा के लिए आधा दर्जन से ज्यादा नए एक्सीलेटर लगाएगा।

इसको लेकर पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल से जुड़े अधिकारियों ने अपनी ओर से विभागीय तैयारियां भी शुरू कर दी है। रतलाम मंडल के रेलवे पीआरओ के मुताबिक इंदौर स्टेशन पर प्लेटफार्म नम्बर 5 और 6 के बीच नया एक्सीलेटर लगाया जाएगा। जबकि मंडल के रतलाम जंक्शन के प्लेटफार्म 4 और 7 के बीच बन रहे हैं नए पुल पर करीब आधा दर्जन नए एस्कीलेटर्स लगाने की तैयारी शुरू हो गई है।

10 करोड़ की लागत से होगा नवीन एक्सीलेटर्स लगाने का कार्य

रेलवे द्वारा इस काम के लिए करीब 10 करोड़ की लागत वाले बजट का इस्टीमेट बनाकर इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिए है। बताया जा रहा है कि इस काम को पूरा करने के लिए ठेकेदार कंपनी को टेंडर की शर्तों के हिसाब से एक साल की समय अवधि दी जाएगी। रेलवे की प्लानिंग है कि साल 2028 में बाबा महाँकाल की नगरी में होने वाले सिंहस्थ महापर्व से पहले नवीन एक्सीलेटर लगाने का काम पूरा हो जाए। इसके अलावा भी रेलवे रतलाम मंडल द्वारा देवास, डॉ अंबेडकर नगर सहित अन्य रेलवे के छोटे बड़े स्टेशन पर भी जरूरत और मांग के साथ यात्री सुविधाओं के लिए एस्कीलेटर्स लगाने से लेकर अन्य काम आने वाले दिनों में जल्द शुरू किए जाएंगे। जिसका लाभ सिंहस्थ पर्व के दौरान देशभर से आने वाले यात्रियों को मिलेगा।

बढ़ती ईवी के लिए नए चार्जिंग स्टेशन बढ़ाने पर जोर

50 से ज्यादा सोलर आधारित चार्जिंग स्टेशन से हो रही अभी चार्जिंग अब दर्जनभर से ज्यादा फ़ॉस्ट चार्जिंग स्टेशन निर्माण की बारी



इंदौर। शहर में लगातार बढ़ते इलेक्ट्रिक गाड़ियों के चलन और मांग को ध्यान में रखते हुए लोगों की सुविधा के लिए अब एआईसीटीसीएल विभाग द्वारा करीब दर्जनभर फास्ट चार्जिंग स्टेशन निर्माण शुरू करवाने की तैयारी है। जबकि वर्तमान में शहर में विभिन्न स्थानों पर करीब 50 से ज्यादा चार्जिंग स्टेशन बनकर तैयार है। जहां वर्तमान में ई रिक्शा से लेकर बैटरी वाली कार और स्कूटर ,बाइक भी चार्ज हो रही है।

चुनिंदा स्थानों का चयन कर जल्द शुरू होगा स्टेशन निर्माण कार्य

वहीं अब लगातार शहर में लोगों का तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदी का चलन बढ़ने से एआईसीटीसीएल द्वारा नागरिकों को फास्ट चार्जिंग सुविधा देने के लिए शहर में चुनिंदा स्थानों पर करीब दर्जन भर नए फास्ट चार्जिंग क्षमता वाले नवीन स्टेशन बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं कई जगह नए चार्जिंग स्टेशन बनकर तैयार भी हो रहे हैं, जो आने वाले दिनों में शुरू करने की तैयारी है। जबकि अभी लगभग 50 के आसपास प्रमुख स्थानों, बाजारों, मुख्य मार्ग और रिंग रोड़ सहित अन्य स्थानों पर जगह जगह चार्जिंग स्टेशन बनकर तैयार है। जहां ई-रिक्शा से लेकर बाईक, स्कूटर और ईवी कार तक चार्ज हो रही है। वहीं वर्तमान में कई जगह स्लो चार्जिंग सिस्टम होने से बड़ी गाड़ियों को चार्ज करने में समय लगता है। इसलिए अब फास्ट चार्जिंग स्टेशन बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। जगह के चयन के साथ जल्द नवीन फास्ट चार्जिंग स्टेशन का निर्माण शुरू होगा।

इलेक्ट्रिक बसों को चार्जिंग के लिए भी हो गए तीन स्टेशन

इसके अलावा शहर में लगातार बढ़ रही है इलेक्ट्रिक बसों की संख्या को ध्यान में रखते हुए दो नवीन इलेक्ट्रिक बसों को चार्जिंग करने के लिए डिपो भी तैयार किए गए हैं। जिनमें से एक देवास नाके पर, जबकि दूसरा नायता मुंडला बस टर्मिनल के पास तैयार किया गया है। इसके अलावा राजीव गांधी चौराहे पर पुराना चार्जिंग स्टेशन पहले से तैयार हैं जहां इलेक्ट्रिक बसें आसानी से चार्जिंग हो रही है।

वीर भूमि मेवाड़ एक्सप्रेस में राजस्थान जाने वालों को नहीं मिल रही सीट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

रतलाम से उदयपुर के बीच रेगुलर चलने वाली गाड़ी संख्या 19327 रतलाम उदयपुर सिटी एक्सप्रेस को इंदौर से चलाने को लेकर इंदौरियों की लगातार मांग उठ रही है। इंदौर से उदयपुर जाने वालों के लिए अभी वर्तमान में इंदौर से रोजाना एक ट्रेन वीर भूमि एक्सप्रेस चल रही है। इसमें हालत यह है कि हमेशा वेटिंग रहती है। यही नहीं कंफर्म सीट के लिए 100 से लेकर 130 रु. तक एक्स्ट्रा खर्च करना पड़ रहें है। जिसको लेकर पालीवाल ब्राह्मण समाज, अग्रवाल समाज, गुर्जर समाज ,माहेश्वरी समाज सिंधी समाज से जुड़े यात्रियों में जमकर नाराजगी है। इनका कहना है कि ट्रेन को जबसे इंदौर उदयपुर की जगह गुजरात के आसावरा तक किया है तब से वीर भूमि ट्रेन में हमेशा वेटिंग रहने लगी है। जिसके कारण हमको कंफर्म सीट नहीं मिल रही है। पालीवाल समाज से जुड़े किशनलाल जोशी (साकरोदा) प्यारेलाल जोशी (रिछेड़) का कहना है कि रतलाम से उदयपुर के बीच रोजाना शाम 5:10 बजे के आसपास चलने वाली ट्रेन को इंदौर से चलाया जाए ताकि यहां के हजारों यात्रियों को विकल्प के रूप में रात्रि में एक और ट्रेन मिल जाएगी। अभी वीर भूमि एक्सप्रेस इंदौर से रोजाना शाम 6:20 पर चलती है। रतलाम उदयपुर वाली ट्रेन



नंबर 19327 इंदौर से 8:00 बजे बाद कभी भी चलेगी तो सुबह मावली-उदयपुर पहुंचेगी।

आधी रात में 3:15 बजे मावली,4 बजे पहुंचती है उदयपुर– जबकि अभी वीर भूमि मेवाड़ एक्सप्रेस ट्रेन इंदौर से शाम 6:20 पर चलकर आधी रात को 3:15 बजे मावली जंक्शन, 4:00 बजे उदयपुर पहुंचती है। ऐसे में यात्रियों का आधी रात को आगे अपने गांव जाने के लिए गंतव्य स्थान की यात्रा के लिए सुबह तक कोई साधन नहीं मिलते। इंदौर पालीवाल ब्राह्मण समाज 24 श्रेणी के अध्यक्ष राकेश जोशी, सचिव ललित पुरोहित बताते है जिसके कारण लोगों को मजबूरी में या तो दो से तीन हजार में टैक्सी कर अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचना पड़ता है या फिर मजबूरी में परिवार के साथ आधी रात को रेलवे स्टेशन पर रात बिताना पड़ती है। क्योंकि आधी रात को न यहां से श्रीनाथद्वारा , कांकरोली चारभुजा दर्शन के लिए जाने के लिए कोई साधन नहीं मिलता। जिसके कारण लोगों को ठंड ,गर्मी और बारिश में आधी रात को स्टेशन पर अपने परिवार के साथ रात बिताना पड़ती है। अगर रतलाम उदयपुर ट्रेन रात में चले तो सुबह 5:00 या 6:00 बजे के आसपास मावली और उदयपुर पहुंचेंगी। जिससे सुबह पहुंचने से यात्रियों को आगे की यात्रा के लिए बस सहित अन्य साधन भी मिल जाएंगे। इससे ज्यादा पैसा भी खर्च नहीं होगा और लोगों का समय भी बचेगा।

आधा दर्जन चलती थी उदयपुर के लिए ट्रेनें


***गौरतलब** है कि मीटर गेज लाइन के समय इंदौर से राजस्थान की कनेक्टिविटी के लिए करीब आधा दर्जन ट्रेनें चलती थी। लेकिन बड़ी लाइन होने के बाद से एकमात्र वीर भूमि एक्सप्रेस ट्रेन चलती है। इसीलिए इंदौर के यात्रियों की मांग है कि रतलाम उदयपुर ट्रेन को इंदौर से चलाया जाए जिससे वह अपनी फुल क्षमता के साथ चलेगी। जबकि अभी रतलाम उदयपुर ट्रेन देर रात उदयपुर पहुंचती है और आधी रात 1:30 बजे उदयपुर से चलती है 2:20 बजे मावली से चलती है सुबह आठ बजे वापसी में रतलाम पहुंचती है जो कि हमेशा खाली चल रही है। इंदौर से चलने पर पर्याप्त सवारी भी मिलेगी और लोगों को यह ट्रेन काम भी आएगी।*

24 घंटे बिजली के लिए सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में लगेगा 33 केवी हेवी ट्रांसफार्मर

70 लाख रुपए के आसपास खर्चकर सिस्टम अपडेट करेगा अस्पताल प्रबंधन

इंदौर। हॉस्पिटल जैसी इमरजेंसी सुविधा में बड़ा सुधार करते हुए एमजीएम प्रबंधन द्वारा आने वाले दिनों में अपने विभाग के अधीन आने वाले सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में 24 घंटे बिजली सप्लाई के लिए 33 केवी हेवी लोड वाला नवीन ट्रांसफार्मर लगाने की तैयारी है। एमजीएम प्रबंधन लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) के माध्यम से हैवी लोड क्षमता वाला 33-0.433 केवी 2 एमवीए ट्रांसफार्मर, 33 केवी सबस्टेट 33 केवी एचडी आइसोलेशन पैनल 51010 केवीए डीजी सेट लगाएगा जिससे सम्पूर्ण परिसर में 24 घंटे बिना बाधा के बिजली सप्लाई होती रहेगी। इसको लेकर लोकनिर्माण विभाग का पीआईयू विभाग द्वारा निविदा प्रक्रिया शुरू कर नए साल से पहले नवीन ट्रांसफार्मर लगाने की तैयारी शुरू कर दी है।

एमवाय में पहले से लगा है हेवी लोड क्षमता वाला ट्रांसफॉर्मर– गौरतलब है कि प्रदेश के सबसे बड़े हॉस्पिटल में शुमार एमवाय (महाराजा यशवंत राव होल्कर अस्पताल)



में खुद का हैवी लोड 33 केवी लोड क्षमता वाला ट्रांसफर पांच साल पहले ही लग चुका है। जिससे इमरजेंसी में मरीजों को बत्ती गुल होने पर भी इलाज के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती है।

साथ अस्पताल में भर्ती मरीजों को लाइट जाने के दौरान खासकर इमरजेंसी के दौरान बिजली सप्लाई बाधित होने जैसी दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता है। जबकि सुपर स्पेशलिटी जैसे नए अस्पताल में अब तक इमरजेंसी में बड़े इन्वेटर से काम चलाना पड़ रहा था। वहीं अब आने वाले दिनों में नए साल से पहले पीडब्ल्यूडी द्वारा निविदा प्रक्रिया के तहत हेवी लोड वाला नवीन ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। जिसका फायदा भविष्य में अस्पताल प्रबंधन और मरीजों को मिलेगा। साथ ही इमरजेंसी के दौरान भी 24 घंटे बगैर किसी बाधा के हॉस्पिटल में बिजली सप्लाई होती रहेगी। जिसको लेकर निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी माह के अंत में जल्द टेंडर संबंधित तमाम प्रक्रिया पूरी होने के बाद नए साल से पहले नवीन ट्रांसफार्मर यूनिट और सेट अप लगाने के काम पूरा हो जाएगा।

संपादकीय

गोरा होने की चाह में किशोरी ने इस्तेमाल की क्रीम, पारे की अधिक मात्रा से खराब हुई किडनी

आभासी दुनिया के सम्मोहन से मुक्त होकर अपने व्यक्तित्व की कद्र करने और भ्रम के प्रचार के असर में आने से बचने की जरूरत है, भले ही किसी भी क्षेत्र की कोई जानी-मानी हस्ती उसका इस्तेमाल करने की वकालत कर रहा हो। क्रीम की जांच में पारे की मात्रा 12.500 पीपीएम पाई गई, जबकि इसकी स्वीकार्य सीमा एक पीपीएम से कम है। सोशल मीडिया के असर में हो रहे कुछ नुकसानों को लेकर खबरें अक्सर सामने आती रहती हैं, लेकिन इसके बारे में देखने-जानने के बावजूद इस आभासी दुनिया के संजाल में कई लोग उलझ जाते हैं। वे इस पर प्रचारित कुछ संदेशों को सच मान लेते हैं, हालांकि इसके एवज में उन्हें गंभीर नुकसान उठाना पड़ता है। गौरतलब है कि केरलम के मलप्पुरम में एक किशोरी ने सोशल मीडिया के एक 'इन्फ्लूएंसर' के प्रचार से प्रभावित होकर गोरा बनाने वाली क्रीम खरीद कर इस्तेमाल करना शुरू किया, लेकिन कुछ समय बाद वह गुर्दे की गंभीर बीमारी से ग्रस्त हो गई। दरअसल, समस्या शुरू होने के बाद जब किशोरी ने इलाज शुरू किया, तब पता चला कि उसके खून और शरीर में पारा की मात्रा खतरनाक स्तर तक बढ़ गई थी। उसके चिकित्सक ने बताया कि क्रीम की जांच में पारे की मात्रा 12.500 पीपीएम पाई गई, जबकि इसकी स्वीकार्य सीमा एक पीपीएम से कम है। चिकित्सकों के मुताबिक, विस्तृत जांच के निष्कर्षों से पता चला कि पारा-युक्त क्रीम के उपयोग से किशोरी को गुर्दे की बीमारी हो गई। यह मामला आम लोगों के मानस पर सोशल मीडिया के प्रभावों का महज एक उदाहरण है कि आज कुछ लोग किस तरह नाहक ही किसी बात पर हीन भावना का शिकार हो जाते हैं। मसलन, गोरा होने को बेहतर मानने की ग्रंथि हमारे समाज में व्यापक स्तर पर पाई जाती रही है। इसी भूख का लाभ वैसी कंपनियां उठाती हैं, जो अपने मुनाफे के लिए लोगों की सेहत को भी दांव पर लगाने से बाज नहीं आतीं। केरलम की घटना में गोरा बनाने वाली क्रीम में जिस तरह एक खतरनाक रसायन मिला हुआ पाया गया, वह खुले बाजार में उपलब्ध कैसे था? क्या इस तरह के उत्पादों की प्रयोगशाला जांच जैसी कोई व्यवस्था काम करती है, ताकि आम लोगों को इसके असर के बारे में आगाह किया जा सके? सोशल मीडिया पर असर रखने वाला कोई व्यक्ति अगर किसी उत्पाद का सार्वजनिक बखान करता है, तो क्या उसे इससे होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी भी नहीं लेनी चाहिए? आभासी दुनिया के सम्मोहन से मुक्त होकर अपने व्यक्तित्व की कद्र करने और भ्रम के प्रचार के असर में आने से बचने की जरूरत है, भले ही किसी भी क्षेत्र की कोई जानी-मानी हस्ती उसका इस्तेमाल करने की वकालत कर रहा हो।

भूखंड विवाद में घर से अपहरण कर कोर्ट में कराए दस्तखत

जबरन रुपए देकर प्लॉट की लाल डायरी छीनी, पीसीसी चीफ के भाई के करीबी पर केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में भूखंड विवाद को लेकर एक व्यक्ति के घर में घुसकर रुपयों का बैग जबरन थमाने, दस्तावेज छीनने और कार में अपहरण कर कोर्ट ले जाकर शपथ पत्र पर दस्तखत कराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर नामजद आरोपी समेत उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार, राजरानी नगर निवासी संजय पिता बाबूलाल महाजन ने थाने पर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि उसने वर्ष 2023 में राऊ बायपास स्थित शुभम वैली के भूखंड क्रमांक 106 का विक्रय अनुबंध किया था, जिसे लेकर विवाद चल रहा है।

30 जुलाई की सुबह करीब 10:30 बजे आरोपी जीतू उर्फ जितेंद्र तिंदोरी निवासी ग्राम मुंडी सफेद रंग की कार से उसके घर पहुंचा। आरोपी ने प्लॉट का मामला निपटाने के लिए डराया-धमकाया और जबरदस्ती रुपयों से भरा बैग थमाकर भूखंड का एग्रीमेंट व संबंधित लाल डायरी छीन ली। इसके बाद आरोपी ने संजय को जबरन कार में बैठा लिया, जिसमें एक अन्य अज्ञात व्यक्ति पहले से मौजूद था। आरोपी फरियादी को इंदौर जिला न्यायालय ले गए, जहां डरा-धमकाकर शपथ पत्र और रजिस्टर पर दस्तखत करवा लिए। आरोपियों ने पुलिस में जाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। सूत्रों के मुताबिक, उक्त भूखंड का एग्रीमेंट प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी के नाम से हुआ था, जिसकी पूर्व में फरियादी ने पुलिस में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई थी। आरोपी जीतू तिंदोरी को नाना पटवारी का करीबी बताया जा रहा है। राजेंद्र नगर पुलिस ने संजय महाजन की रिपोर्ट पर आरोपी जीतू तिंदोरी और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पिता और बहन के हत्यारे को चायनीस पाइंट पर ढूंढ रही है पुलिस

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। एरोड्रम क्षेत्र में पिता राजू यादव और बहन हर्षिता यादव की हत्या कर फरार हुआ आरोपी हर्ष यादव की तलाश पुलिस कर रही है। पुलिस की अलग-अलग टीमे तलाश में जुटी है। आरोपी बार-बार लोकेशन बदल रहा है, पुलिस जांच में सामने आया है कि हर्ष को चायनीस बनाने का काम आता था, जिसके बाद पुलिस दिल्ली और अम्बाला क्षेत्र के चायनीस पाइंट पर भी ढूंढ रही है। इसके अलावा पुलिस ढाबों पर भी जांच कर रही है। आरोपी के पकड़ाए जाने के बाद ही डबल मर्डर का खुलासा हो सकेगा।

मल्टी की पांचवीं मंजिल से गिरा मजदूर, इलाज के दौरान मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

देवास में निर्माणाधीन सरकारी मल्टी में काम कर रहे एक मजदूर की पांचवीं मंजिल से गिरने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल मजदूर को उपचार के लिए इंदौर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने दम तोड़ दिया।

भंवरकुआं पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मक्सी के ग्राम झोंकर निवासी सलीम पिता अब्दुल गफूर (32) देवास में बन रही



सरकारी मल्टी में सेंटरिंग का काम करता था। 19 नवंबर की दोपहर वह पांचवीं मंजिल पर काम कर रहा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने या फिसलने से वह सीधे जमीन पर आ गिरा। हादसे में सलीम को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे बेहतर उपचार के लिए इंदौर के एक निजी अस्पताल लाया गया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना पर भंवरकुआं पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया और अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया। चूंकि घटनास्थल देवास के बैंक नोट प्रेस थाना क्षेत्र का है, इसलिए पुलिस ने संबंधित डायरी बीएनपी थाने को स्थानांतरित कर दी है, जहां से मामले की आगे की जांच की जाएगी।

तेजपुर गड़बड़ी के समीप पड़े सामान में आग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज सुबह तेजपुर गड़बड़ी के समीप आग की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की दमकलों को मौके पर रवाना किया गया। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का कार्य शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि आग एक दुकान के बाहर पड़े सामान में लगी है।



76 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र दिए गए

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला) पांचवें कौशल दीक्षांत समारोह में शिल्पकार प्रशिक्षण योजना एवं शिल्प अनुदेशक प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। विभिन्न व्यवसायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कुल 76 प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। सतीश ठाकरे, मिनाक्षी पुराणिक, संजय झा, विलफ्रेड कुजूर, मोहन जोशी, अनुराग गुप्ता, गुलाब चंद्रा मौजूद थे।

आज से सात दिनों तक लगेगा 'आदि बाजार'

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ मर्यादित (ट्राइफेड) द्वारा आज 23 से 29 नवम्बर सात दिनों तक ग्रामीण हाट राज्य स्तरीय 'आदि बाजार' का आयोजन किया जा रहा है। आज शाम 4 बजे केन्द्रीय मंत्री दुर्गादास ऊईके शुभारम्भ करेंगे।

बाजार में लगभग 32 स्टॉलों के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों के जनजातीय शिल्पकार एवं उद्यमी अपने हस्तनिर्मित उत्पादों, पारंपरिक कलाकृतियों और स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय करेंगे। आदि बाजार के माध्यम से नागरिकों को देश की विविध जनजातीय कला एवं शिल्प परंपराओं को करीब से जानने और शिल्पकारों से सीधे उत्पाद खरीदने का अवसर मिलेगा।

कौशल दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षणार्थियों का सम्मान



अभिभावकों की उपस्थिति में हुआ आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), पांचवां कौशल दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभिभावक भी उपस्थित रहे। महेन्द्र शर्मा, शिवनारायण शर्मा, गणेश कोतवाल, रीना सोलंकी, गौरवप्रसाद आर्य, महेश जारवाल मौजूद थे। संचालन संध्या बागिला, माधवी शर्मा ने एवं आभार शरद शर्मा ने किया।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
127500	124500
सिल्वर कैश	एमसीएक्स
154400	150450

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

प्रेम प्रकाश आश्रम के गेट के सामने ड्रेनेज पानी की समस्या

15 दिनों से हो रही है परेशानी, श्रद्धालुओं से लेकर रहवासी भी हो रहे हैं परेशान





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 के सिंधी बाहुल्य क्षेत्र काटजू कालोनी के धार्मिक स्थल प्रेम प्रकाश आश्रम के गेट नं. 2 पर ड्रेनेज पानी की समस्या 15 दिन से परेशानी का सबब बनकर श्रद्धालुओं और रहवासियों को परेशान कर रही है। नीतू शीतलानी ने बताया कि कई बार श्रद्धालुओं और रहवासियों ने जोन पर और एप पर शिकायत भी की, लेकिन कोई परिणाम सार्थक नहीं आया। 15 दिनों की परेशानी के बाद जमकर मच्छर बढ़ गए और परेशानी गंदगी, बदबू के बाद मच्छरों ने बढ़ा दी। अब रहवासी एकजुट होकर निगम कार्यालय पहुंचेंगे, जहां महापौर और निगम आयुक्त को समस्या के वीडियो और चित्र-फुटेज भी दिए जाएंगे और ऑनलाइन व झोन पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी दी जाएगी।

ऐतिहासिक जीत से चूकी टीम इंडिया, जीत का मौका छूटा

वेलिंगटन । भारत और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला ड्रॉ पर खत्म हुआ है । इस मैच में टीम इंडिया ने पहली पारी में 352 रन की अहम बढ़त ली थी, लेकिन मैच जीतने में नाकाम रही । न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने 4 सेशन तक बल्लेबाजी कर मैच बचाया । टीम इंडिया ने आखिरी दिन दूसरे सेशन में डेरिल मिचेल को 3 जीवनदान दिए और उन्होंने ग्लेन फिलिप्स के साथ निर्णायक साझेदारी कर भारत से जीत छीन ली।

न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 368 रन बनाए। इसके जवाब में टीम इंडिया ने पहली पारी 9 विकेट पर 720 रन बनाकर घोषित की। तीसरी पारी में न्यूजीलैंड ने 5 विकेट पर 239 रन बनाए और मुकाबला ड्रॉ पर खत्म हुआ। दोनों टीमों को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए 4-4 अंक मिले।

भारत यह मैच जीतता तो न्यूजीलैंड की धरती पर 17 साल बाद कोई टेस्ट मैच अपने नाम करता, लेकिन टीम इंडिया ने यह सुनहरा मौका गंवा दिया। इस मैच में जीत मिलने पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में भी भारत को बेहद जरूरी अंक मिलते, लेकिन यह भी नहीं हुआ। हालांकि, अभी भी भारत के पास बाकी के मैच जीतकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने का मौका है।

निकोल्स-फिलिप्स ने न्यूजीलैंड को संभाला

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी कीवी टीम अपने ही जाल में फंस गई। ग्रीन पिच पर 70 रन के स्कोर पर आधी टीम पवेलियन लौट गई थी। इसके बाद हेनरी निकोल्स ने ग्लेन फिलिप्स के साथ 216 रन की साझेदारी कर मैच में कीवी टीम की वापसी कराई। फिलिप्स 118 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, निकोल्स 175 रन बनाकर नाबाद रहे। अंत में न्यूजीलैंड की पारी 368 रन पर खत्म हुई। जसप्रीत बुमराह ने 4 और आकाशदीप ने 3 विकेट लिए। अंशुल कंबोज को 2 विकेट मिले।

असंगठित श्रमिकों को मिलेगी वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 3000 रुपये प्रतिमाह की सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाती है। योजना का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को बुढ़ापे में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। पात्र श्रमिक पोर्टल ै.ैर्ह्ीह.ग्ह पर पंजीयन करा सकते है। लाभ लेने वाला केंद्र सरकार के अंशदान वाली राष्ट्रीय पेंशन योजना का सदस्य नहीं होना चाहिए तथा वह आयकरदाता भी नहीं होना चाहिए। श्रमिक की प्रवेश आयु के अनुसार 55 रुपये से 200 रुपये तक मासिक अंशदान निर्धारित है। श्रमिक द्वारा जमा की जाने वाली राशि के बराबर अंशदान केंद्र सरकार द्वारा भी जमा किया जाता है। लाभार्थी की मृत्यु होने पर उसके पति अथवा पत्नी को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार 50 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन प्रदान की जाती है। यह एक स्वैच्छिक एवं अंशदायी पेंशन योजना है।योजना से फेरी लगाने वाले, संबल कार्डधारी श्रमिक, घरेलू कामगार, निर्माण श्रमिक, रिक्शा चालक, कृषि श्रमिक, दर्जी, मोची, धोबी, रेहड़ी-पटरी विक्रेता, हथकरघा श्रमिक, बीड़ी श्रमिक, कचरा बीनने वाले तथा अन्य पात्र असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जुड़ सकते हैं।

60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर मिलेगी 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन, पात्र श्रमिक पोर्टल पर करा सकते हैं पंजीयन

केन्द्रीय मंत्री ने दी विध्यं भवन की सौगात



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सामाजिक संस्था विंध्याचल सोशल ग्रुप के मीडिया प्रभारी डॉ. आरएन मिश्रा ने बताया कि पीथमपुर में नगर पालिका के सहयोग से हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में विंध्य भवन की सौगात मिली। लोकार्पण केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, आरपी शर्मा, दिलीप मिश्रा, राजेश मिश्रा, प्रकाश धाकड, धनंजय थोरात ने किया। अरुण शर्मा, रमाशंकर तिवारी डॉ. आरएन मिश्रा, चंदा खरे, संध्या शर्मा, हरगोविन्द उपाध्याय, सुखसागर सिंह, मौजूद थे।

खालसा कॉलेज में सजा दीवान





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गुरुनानक देवजी का प्रकाश पर्व कल मनाया जाएगा और आज सुबह भी पर्व के पहले खालसा कॉलेज में दीवान सजाया गया। कीर्तनकार कीर्तनों की प्रस्तुति दे रहे हैं और सिख समाजजन भी आज पवित्र दीवान के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। आज रात भी कीर्तन के आयोजन होंगे और कल सुबह खालसा कॉलेज में मुख्य आयोजन होगा औक लंगर भी आयोजित किया जाएगा।

जल समस्या पर रहवासियों ने की बैठक



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

मंगल मूर्ति रहवासी संघ की बैठक जल समस्या को लेकर गार्डन में की गई। अध्यक्ष श्रवण वर्मा ने बताया कि कॉलोनी में लगभग सभी बोरिंग जवाब दे चुके हैं। वहीं, नर्मदा जल की आपूर्ति भी ठीक नहीं हो रही है। हालात यह हैं कि आज नलों में नर्मदा जल के साथ ड्रेनेज लाइन का गंदा पानी आने की शिकायत सामने आई है। श्रवण वर्मा ने कहा कि रहवासियों को पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो रही है, इसके बावजूद नगर निगम द्वारा पूरे पानी के बिल भेजे जा रहे हैं। नगर निगम इंदौर इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। यदि जल्द ही समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो रहवासियों को जन आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। वर्मा ने बताया कि कॉलोनी में पानी की समस्या के स्थायी निराकरण के लिए मिलकर प्रयास करने पर सहमति बनी।आगामी दिनों में समारोह करने का निर्णय भी लिया गया। श्रवण वर्मा, आशीष पाटीदार, पूजा खंडेलवाल, जयदीप मांजरेकर, हेमंत तोमर, हरीश कपूर, बापूलाल पाटिल, दिनेश परदेसी, विमल पाटिल, गुंजन कुंठे, जयवर्धन सिंह राठौड़ एवं रहवासी उपस्थित रहे।

आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण होगा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आईएफएमआईएस केयर्स थीम के अंतर्गत विभिन्न विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 एवं 26 नवम्बर को कलेक्टोरेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में आयोजित किया जाएगा। आयुक्त कोष एवं लेखा, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जिला कोषालय इंदौर द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वित्तीय कार्यों को अधिक पारदर्शी, सुगम एवं त्रुटिरहित बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को वित्तीय अधिकार पुस्तिका, कोषालय संहिता एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं, कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही आईएफएमआईएस पोर्टल पर स्क्रॉल एवं रिपोर्ट संबंधी जानकारी तथा आईएफएमआईएस केयर्स कैम्प के अंतर्गत सामने आने वाली तकनीकी समस्याओं के समाधान के संबंध में भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

गांधीनगर में नर्मदा की पाइपलाइन फूटी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। एरोड्रम रोड पर स्थित गांधीनगर क्षेत्र में नर्मदा की पाइपलाइन फूटने से हजारों लीटर पानी सड़क पर बह गया। वार्ड क्रमांक 15 में पाइपलाइन से तेज प्रेशर के साथ पानी निकलने से सड़क पर जलभराव हो गया। गांधीनगर में करीब एक साल पहले ही नर्मदा की नई पाइपलाइन डाली गई थी। सोमवार सुबह अचानक तेज प्रेशर बनने से लाइन फूट गई और बड़ी मात्रा में पानी बहने लगा। बताया जा रहा है कि इस पाइपलाइन में पहले भी लीकेज की शिकायत आई थी। इसके बाद मरम्मत कराई गई थी, लेकिन अब दोबारा पाइपलाइन फूटने से उसकी गुणवत्ता और रखरखाव पर सवाल उठ रहे हैं। इस पाइपलाइन के फूटने की सूचना मिलते ही नगर निगम के अधिकारी और संबंधित टीम मौके पर पहुंची। पानी की बर्बादी रोकने के लिए लाइन की मरम्मत का काम शुरू कराया गया। अधिकारियों की निगरानी में लीकेज ठीक करने की कार्रवाई की गई। इस बारे में पूछे जाने पर अपर आयुक्त आशीष कुमार पाठक ने बताया कि लोगों की तरफ से लाइन फूटने की सूचना हमें मिली थी। इस सूचना के बाद जब हमने जानकारी निकाली तो यह जानकारी सही पाई गई। इसके बाद नगर निगम की टीम के द्वारा मौके पर जाकर सुधार का कार्य शुरू कर दिया गया है। उम्मीद है कि आज शाम तक यह काम पूरा हो जाएगा।

हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह गया



कार्यालय क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं, इन्दौर संभाग, इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक/स्टोर/2026/10830 **इन्दौर दिनांक 16.11.2026**

विज्ञप्ति प्रकाशन

कार्यालय क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं इन्दौर संभाग इन्दौर में कार्यालयीन उपयोग में लगने वाली स्टेशनरी एवं प्रशिक्षण सामग्री के क्रय करने हेतु वर्ष 2026-27 के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित आवश्यक दस्तावेज की जानकारी हेतु इच्छुक निविदाकार कार्यालय क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं इन्दौर संभाग इन्दौर के नाम से निविदाकार निविदा फार्म विज्ञापन प्रकाशित के दिनांक से 21 दिवस तक www.mptenders.gov.in से रुपये 1000/- का भुगतान कर ऑनलाइन प्राप्त कर सकते है। समस्त दस्तावेजों की हार्डकापी अंतिम तिथि के पहले इस कार्यालय के भंडार शाखा में अनिवार्य रूप से जमा करायें।

क्षेत्रीय संचालक
स्वास्थ्य सेवाएं इन्दौर सम्भाग
इन्दौर (म.प्र.)

जी-21913/26

पोलार्ड ने टी20 क्रिकेट में रचा इतिहास, पंद्रह हजार रन पूरे किए

नई दिल्ली। इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह चुके वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर और हाल ही में मुंबई इंडियंस के हेड कोच नियुक्त किए गए कीरोन पोलार्ड का बल्ला दुनिया भर की टी20 लीग्स में अब भी आग उगल रहा है। अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और गगनचुंबी छक्कों के लिए मशहूर पोलार्ड ने टी20 क्रिकेट के इतिहास में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ दिया है। वे टी20 फॉर्मेट में 15,000 रनों का जादुई आंकड़ा पार करने वाले दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं।

मौजूदा समय में यूएई में खेली जा रही आईएलटी-20 2026 लीग में पोलार्ड मुंबई एमिरेट्स की कप्तानी कर रहे हैं। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में डेजर्ट वाइपर्स के खिलाफ



खेले गए मुकाबले में पोलार्ड भले ही बड़ी पारी न खेल पाए हों, लेकिन उनकी 15 गेंदों पर 15 रनों की पारी ने उन्हें इस ऐतिहासिक शिखर पर पहुंचा दिया। पोलार्ड के नाम अब टी20 क्रिकेट की 672 पारियों में 15,014 रन दर्ज हो गए हैं। इस दौरान उनका औसत 31.67 का रहा है, जबकि उन्होंने करीब 150 के तूफानी स्ट्राइक रेट से गेंदबाजों की धुनाई की है। अपने लंबे टी20 करियर में पोलार्ड ने 2 शतक और 71 अर्धशतक जड़े हैं।

टी20 क्रिकेट इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में फिलहाल इंग्लैंड के दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर शीर्ष पर हैं, जिनके नाम 15,062 रन दर्ज हैं। लेकिन 15,014 रनों तक पहुंच चुके कीरोन पोलार्ड अब बटलर से महज 48 रन पीछे हैं। जिस फॉर्म में पोलार्ड खेल रहे हैं, उसे देखते हुए वे बहुत जल्द बटलर को पछाड़कर टी20 क्रिकेट के सर्वकालिक नंबर-1 बल्लेबाज बन सकते हैं।

न्यूज इन बॉक्स

अमान ने जीता रजत पदक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। तिलक नगर में स्थित श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल में आयोजित 23वीं जूनियर पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में अमान खान ने रजत पदक जीता। प्रतियोगिता के फॉइनल इवेंट के मुकाबले में अलहीरा पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत अमान खान ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अमान खान की इस सफलता पर स्कूल के प्रिंसिपल याकूब मेमन, फेंसिंग कोच मास्टर सईद आलम ने बधाई दी है।

अर्थ की घातक गेंदबाजी से सीसीआय की शानदार जीत

इंदौर । आईडीसीए द्वारा आयोजित मोयरा सरिया अंडर-18 एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत सीसीआय एवं विजय क्लब कि मध्य मैच खेला गया जिसमें सीसीआय ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 8 विकेट खोकर 221 रन बनाये। आर्यन डांगी ने सर्वाध्सिक नाबाद 57 रन बनाये एवं प्रींस कुमार ने 49 रनों का योगदान दिया। विजय क्लब की ओर से कुश बिरला ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिये। जवाब में विजय क्लब की टीम 38 ओवरो में सभी विकेट खोकर 157 रनों पर सिमट गई और यह मैच 64 रनों के अंतर से हार गई । कुश बिरला ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 54 रन बनाये लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके । अर्थ गर्ग के घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विट वं कुशाल राजपुत ने 2 विकेट लिये।

भारत-पाक के बीच 14 माह में 14 मुकाबले

नई दिल्ली। एशिया कप राइजिंग स्टार्ट टूर्नामेंट में भारत को पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान ने इस मैच में टीम इंडिया को 48 रन से हराया और आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। मैच खत्म होते ही भारतीय खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम की तरफ लौट गए और पाकिस्तानी खिलाड़ी मैदान के बीच में जश्न मनाने लगे। दिवाली के दिन भी भारतीय फैंस ने कुछ ऐसा ही नजारा देखा था। उस समय टूर्नामेंट था एंडर-19 एशिया कप। इस मैच में भी पाकिस्तान ने भारत को हराया था और आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया था। फाइनल में दोनों टीमें दोबारा भिड़ीं और भारत ने जीत हासिल कर करारा जवाब दिया था।



एशिया कप के नाम पर मुकाबलों की भरमार

पिछले कुछ समय में सीनियर पुरुष एशिया कप, अंडर-१९ एशिया कप और राइजिंग स्टार्स एशिया कप जैसे टूर्नामेंटों में भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत देखने को मिली है। इन मुकाबलों को लेकर प्रसारकों और आयोजकों में काफी उत्साह रहता है। भारत-पाकिस्तान मैच से बड़ी दर्शक संख्या और विज्ञापन के जरिए मोटी कमाई होती है। ऐसे में एशियन क्रिकेट काउंसिल, दोनों क्रिकेट बोर्ड और प्रसारकों के व्यावसायिक हितों पर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, ए टीम और अंडर-१९ स्तर के टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देने के लिए जरूरी हैं, लेकिन इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य सिर्फ भारत-पाकिस्तान मुकाबलों को बढ़ावा देना नहीं होना चाहिए।

दिवाली से लेकर अब तक लगभग 2 सप्ताह का समय हुआ है और इस दौरान हम भारत और पाकिस्तान के बीच 3 मुकाबले देख चुके हैं। किसी भी मैच में दोनों देशों के खिलाड़ी हाथ नहीं मिलाते। मैच के दौरान माहौल गरम रहता है। दोनों देशों के बीच बाइलैटरल सीरीज हुए लगभग डेढ़ दशक बीत गए हैं, लेकिन अलग-अलग टूर्नामेंट में लगातार भारत और पाकिस्तान के मैच हो रहे हैं। पिछले 14 महीने में भारत और पाकिस्तान की टीमें 14 बार आमने-सामने हो चुकी हैं। इनमें महिला टीम, अंडर-19 और इमर्जिंग टीमें शामिल हैं। हर टूर्नामेंट में आयोजक पैसे कमाने के लिए जानबूझकर भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखते हैं। खासकर एशिया के टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान दो बड़ी टीमें हैं, जिन्हें अलग-अलग ग्रुप में रखा जा सकता है। हालांकि, ये दोनों टीमें अक्सर एक ही ग्रुप में होती हैं।

पाकिस्तानी गेंदबाज ने घूरा तो दिया करारा जवाब

दोहा। पाकिस्तान ए के खिलाफ एशिया कप राइजिंग स्टार्स के मैच में वैभव सूर्यवंशी कुछ खास नहीं कर पाए। वह 11 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, इस छोटी सी पारी में ही उन्होंने अपनी क्लास दिखा दी। पाकिस्तानी तेज गेंदबाज अली रजा ने इस दौरान उन्हें आंख दिखाई तो उन्होंने अगली ही गेंद पर शानदार चौका लगाकर गेंदबाज का गुरूर तोड़ दिया। हालांकि, वह बाद में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में अपना विकेट फेंककर चले गए। वैभव सूर्यवंशी ने इस मैच में 13 गेंदों में 11 रन बनाए। उनकी इस पारी में 2 चौके शामिल थे।

स्मिता, हेमंत, कबीर, आरव, अंशुल, निवेश, वर्धमान अगले दौर में

इंदौर। जैन सोशल ग्रुप इंदौर (अहिल्या) रीजन एवं वैश्य महासम्मेलन (यूथ विंग) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इंदौर स्पोर्ट्स चौंपियनशिप-2026 के अंतर्गत शतरंज, बैडमिंटन, कैरम एवं टेबल टेनिस विभिन्न खेल स्पर्धाओं रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे है । सभी खेलो के मुकाबले अभय प्रशाल में खेले जा रहे है ।

स्पर्धा का पुरस्कार वितरण मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी के मुख्य आतिथ्य एवं नीकेत मंगल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जयेश आचार्य, प्रमोद सोनी, नीलेश वेद, नीलेश मांडोत, हर्ष मेहता,



अखिलेश जैन, सुनील नाहटा, मनीष जैन एवं दीपेश जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अतिथियों का स्वागत पुनीत नीमा, आशीष जैन, नीरज जाकेटिया, रोविल जैन एवं अर्पित जैन ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन दिनेश कमानी ने किया तथा आभार अंकित नाहर ने माना।

कैरम प्रतियोगिता के खेल में खिलाड़ियों के बीच कड़े मुकाबले खेले गए। जिसमें महिला अंडर-40 वर्ग के सेमीफाइनल में डॉ. स्मिता जैन ने अमृता नीमा को तथा अंजली दास ने स्मिता जैन को 2-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

सीनियर कुश्ती टीम का चयन हुआ



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश खत्री, सचिव सुरेश यादव द्वारा इंदौर जिला कुश्ती टीम का चयन किया गया।विजेता पहलवान सीनियर राज्य स्पर्धा में भाग लेंगे, पुरुष फ्री स्टाइल श्रवण कौशल, ललित कौशल, यशपाल, अंकुश यादव, शिवम यादव, रोहित प्रजापति, जतिन पाठक, विनय चौधरी, कार्तिक जोशी, आदर्श। ग्रीकोरोमन पीयूष कुशवाहा, कृष्णा खत्री, गोपाल यादव, कुणाल सिलावट, सिद्धान्त यादव, औरंगजेब, अजय, यशराज, वंशपाल, मुदस्सर खान। महिला वर्ग मान्यता बौरासी, लक्ष्मी जरिया, दुर्गा खटवाल, हंसाबेन राठौर, अंजलि करोसिया, अंजू करोसिया ने इंदौर जिला कुश्ती टीम में प्रथम स्थान बनाया। ऑफिशियल व निर्णायक गोविंद गुज्जर, विकाश यादव, केजेश यादव, रेलवे के अरविंद पटेल, कपिल, मनीष मुहले, योगेश यादव, मनीष खंडेराव आदि थे।

पाकिस्तान से हार के बाद फूटा कप्तान तिलक वर्मा का दर्द

नई दिल्ली। राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2026 के हाई-वोल्टेज मुकाबले में इंडिया-ए को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान-ए के हाथों 48 रनों से हार का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.2 ओवर में 313 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम 49.1 ओवर में 265 रनों पर ऑलआउट हो गई। भारत की ओर से कप्तान तिलक वर्मा ने शतक जरूर जड़ा, लेकिन 149 गेंदों पर 100 रनों (67.1 स्ट्राइक रेट) की उनकी बेहद धीमी पारी टीम को जीत नहीं दिला सकी। इस हार के बाद कप्तान तिलक वर्मा ने खुलकर अपनी बात रखी और बताया कि आखिर मुकाबला भारत के हाथ से कहां फिसला।

मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान इंडिया-ए के कप्तान तिलक वर्मा ने माना कि जब टीम को रनों की रफ्तार बढ़ाने की जरूरत थी, ठीक उसी



समय विकेट गिरने से सारा समीकरण बिगड़ गया। तिलक ने कहा, 'जिस तरह से अभिषेक शर्मा ने शुरुआत की थी और उसके बाद बीच में जिस तरह से शहबाज अहमद ने मेरे साथ साझेदारी निभाई, वह बेहद महत्वपूर्ण था। लेकिन दुर्भाग्य से जब हम तेजी से रन बनाना चाहते थे, तभी शहबाज आउट हो गए। अगर वह सिर्फ दो ओवर और क्रीज पर रुक जाते, तो मैं इस मैच को भारत के पक्ष में खत्म कर सकता था।' दूसरी पारी में पिच के मिजाज और पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन पर बात करते हुए तिलक वर्मा ने कहा, 'दूसरी पारी के शुरुआती 10 ओवरों में गेंद थोड़ी स्विंग हो रही थी। इसका श्रेय पाकिस्तान के उन दोनों तेज गेंदबाजों को जाता है जिन्होंने बहुत अच्छी लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी की। लेकिन इसके साथ ही हमने बीच के ओवरों में लगातार विकेट गंवा दिए। अगर ऐसा न हुआ होता, तो हम इस मुकाबले को 47वें या 48वें ओवर में ही अपने नाम कर लेते।'

बहन से मिलकर लौट रहे इकलौते बेटे की सड़क हादसे में मौत

चार दोस्त घायल, दो कारों में आमने-सामने हुई भिड़ंत दो दिन पहले ही खरीदी थी सेकेण्ड हेण्ड कार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

सिमरोल थाना क्षेत्र में रविवार तड़के करीब 3 बजे दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार अन्य युवक घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब नेपानगर से चचेरी बहन से मिलकर इंदौर लौट रहे युवकों की कार एक वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में सामने से आ रही एसयूवी से टकरा गई।

सिमरोल पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना नए बायपास स्थित कोल्ड स्टोरेज के सामने हुई। हादसे में खजराना



के पुष्प नगर निवासी अमित पिता अगस्टेन फ्रांसिस (28), उनके चचेरे भाई रोहित पिता सिल्वेस्टा फ्रांसिस (35) व निलेश पिता नाबर्ट फ्रांसिस (38) तथा उनके दो साथी फैजान पिता मंजूर(21) और शादाब कार में सवार थे। गंभीर रूप से घायल अमित ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं रोहित, निलेश, फैजान और शादाब को सिर, हाथ व पैरों में चोटें आई हैं। परिजनों ने बताया कि रोहित ने एक दिन पहले ही सेकंड हैंड कार खरीदी थी, जिसके बाद सभी लोग नेपानगर में चचेरी बहन से मिलने गए थे और वहां से वापस इंदौर लौट रहे थे। परिवार के मुताबिक अमित व रोहित पेंटिंग का काम करते थे, जबकि निलेश एक निजी कंपनी में कार्यरत है। मृतक अमित माता-पिता की इकलौती जीवित संतान था, उसके एक भाई का पहले ही निधन हो चुका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

डिजाइनर ने जहर खाकर की खुदकुशी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट


तिलक नगर थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर जीवन लीला समाप्त करने का मामला सामने आया है। मृतक पेशे से डिजाइनिंग का काम करता था। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है और पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

तिलक नगर पुलिस के अनुसार वंदना नगर निवासी हर्ष पिता संतोष (24) ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर परिजनों और आसपास के लोगों के बयान दर्ज करना शुरू कर दिया है, ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके।

चाकू और ईंट से हमला!

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि







आजाद नगर थाना क्षेत्र स्थित कोहिनूर कॉलोनी में बदमाशों द्वारा एक महिला पर चाकू और ईंट से हमला कर दिया। फरियादिया की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों और उनके अन्य साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। आजाद नगर पुलिस के अनुसार, कोहिनूर कॉलोनी निवासी फरियादिया शबाना शेख ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादिया ने बताया कि आरोपी आसिफ शाह, राशिद शाह, रफीक शाह और उनके अन्य साथियों ने एकमत होकर उनके परिवार के साथ विवाद किया। विवाद के दौरान आरोपियों ने आबिद शेख पर चाकू और ईंट से हमला कर दिया।वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

मोबाइल अपडेट के नाम पर भेजी फर्जी लिंक, उड़े 41 हजार; पुलिस ने रिफंड कराई पूरी रकम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मोबाइल फोन अपडेट करने का झांसा देकर एक नौकरीपेशा व्यक्ति से 41 हजार रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। अज्ञात साइबर ठग ने पीड़ित को एक फर्जी लिंक भेजी थी, जिस पर क्लिक करते ही उनके बैंक खाते से 41,000 रुपए अन्य संदिग्ध खातों में ट्रांसफर कर लिए गए। पीड़ित की शिकायत पर इंदौर क्राइम ब्रांच की साइबर फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध बैंक खातों में रकम फ्रीज कराई। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पीड़ित को ठगी गई पूरी राशि 41,000 रुपए सफलतापूर्वक वापस दिला दी गई।

युवक से मारपीट, खिड़की में तोड़फोड़

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मल्हारगंज थाना क्षेत्र स्थित इंदिरा नगर में मारपीट, तोड़फोड़ और धमकी देने की वारदात सामने आई है। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। मल्हारगंज पुलिस के अनुसार, इंदिरा नगर निवासी अजय पिता बद्रीलाल चौहान ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि तुषार भाबर और कुणाल भाबर दोनों निवासी इंदिरा नगर ने उनके साथ गाली-गलौज की और लात-घूंसों से मारपीट की। आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपियों ने खिड़की तोड़कर नुकसान पहुंचाया और जान से मारने की धमकी भी दी।


विवाहिता का पीछा कर अश्लील इशारे करने वाले मनचले पर केस दर्ज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में एक विवाहित महिला का पीछा कर अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। तेजाजी नगर पुलिस के अनुसार, 30 वर्षीय विवाहिता ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी राहुल भिलाला निवासी कृष्णा एवेन्यू फेज-1 ने गलत इरादे से उसका पीछा किया और अश्लील इशारे किए। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर उसकी तलाश व आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

बैंक में चेक 5 हजार का दिया और दे दिए 50 हजार

इंट्री भी बड़े अमाउंट की निकालने की कर दी थी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट





पश्चिम क्षेत्र के सुदामा नगर ई-सेक्टर में रहने वाले प्रदीप शुक्ला सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया सुदामा नगर की शाखा पर पहुंचे और अपने खाते से 5 हजार रु. निकालने के लिए चेक दिया। काउंटर पर बैठे कैशियर ने चेक ठीक से नहीं देखा और 5 हजार नहीं देखा और 5 हजार की जगह 50 हजार दे दिए और नामे की इंट्री भी 50 हजार की कर दी। इस पर प्रदीप शुक्ला ने कैशियर को कहा कि उसने चेक 5 हजार का दिया है, जब चेक किया गया तो पैसे भी 50 हजार रु. निकालने की इन्ट्री कर दी गई थी। कैशियर को अपनी गलती का एहसास हुआ। वापस यह इन्ट्री 5 हजार रु. की गई और 5 हजार रु. दिए गए। शुक्ला से वापस रुपये जमा कराने के लिए कोई पर्ची नहीं भरवाई और जब पासबुक में इंट्री करवाई तो 50 हजार रु. निकालने और पैसे वापस जमा करने की इंट्री की गई। उक्त पूर्ण जानकारी सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया सुदामा नगर के ग्राहक प्रदीप शुक्ला निवासी सुदामा नगर ने दी।

लात-घूंसों व डंडों से हमला, 4 घायल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कनाड़िया रोड स्थित ग्राम हिगोनिया में दो पक्षों के बीच हुए झगड़े के दौरान लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला किए जाने से चार लोग जख्मी हो गए। इस मामले में कनाड़िया पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मारपीट की यह वारदात ग्राम हिगोनिया में बीती रात करीब 9 बजे हुई। विवाद के दौरान हुए हमले में गोपाल सिसोदिया, अंकित सिसोदिया, कृष्णा सिसोदिया और शंकर सिसोदिया घायल हो गए। घटना को लेकर ग्राम हिगोनिया निवासी फरियादी रुदन पिता उदय सिंह सिसोदिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी राहुल यादव, हेमा बाई और रोहित यादव के विरुद्ध गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। अपने मामा के साथ हुई पुरानी बात का बदला लेने की नीयत से आरोपी ने युवक के पेट में चाकू मार दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

परदेशीपुरा पुलिस के अनुसार, घटना में कृष्णा उर्फ आदित्य वराट गंभीर रूप से घायल हुआ है। पूछताछ और जांच में सामने आया कि आरोपी सार्थक पंवार निवासी नई जीवन की फेल ने अपने मामा को मारने या विवाद करने की बात को लेकर कृष्णा से बहस शुरू की। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि सार्थक ने जान से मारने की नीयत से चाकू निकालकर कृष्णा के पेट में घोंप दिया। हमले में कृष्णा के पेट में गंभीर चोट लगने से लहूलुहान होकर गिर पड़ा। वारदात के बाद आरोपी मौके से जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। घायल कृष्णा को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। परदेशीपुरा थाना पुलिस ने आरोपी सार्थक पंवार के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

सम्पादक : महेश मूंगड़ा। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ा द्वारा मूंगड़ा पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com